हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 3 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

08 बैठक में सदस्यता ग्रहण करने पर दिया जोर


09 कुम्हारी कॉलेज में एड्स दिवस का आयोजन




# 11 साल बाद होगा रेलवे यूनियन मान्यता चुनाव, 33% वोट पर ही टिकी है मान्यता

**छह संगठन है मैदान में, सभी ने झोंकी ताकत, रेलवे कॉलोनी, पीपी यार्ड समेत क्षेत्रों में प्रचार जोरों पर**


हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के भिलाई चरोदा में यूनियन मान्यता चुनाव को लेकर माहौल गर्मा गया है। 11 साल बाद हो रहे इस चुनाव ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। अब पोस्टर व फ्लैक्स वार सुर्खियों में है। रेलवे कालोनी के चौक-चौराहे, कर्मचारियों के कार्य स्थल और स्टेशन परिसर प्रचार सामग्री से पट गए हैं। बड़े-बड़े पोस्टर और फ्लैक्स हर जगह नजर आ रहे हैं। सभी छह संगठनों ने अपनी-अपनी ताकत झोंक दी है। रेलवे में यूनियन की मान्यता के लिए चुनाव प्रचार तेज हो उठा है। 4, 5 और 6 दिसंबर को मतदान होना है। वर्तमान में लागू नई पेंशन योजना (यूपीएस) की जगह पुरानी पेंशन योजना को वापस लाने के वादे पर सभी यूनियन वोट मांग रही हैं। पिछला यूनियन चुनाव 2013 में हुआ था। जिसमें मजदूर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी और तब से वह सत्ता में है। इस बार मजदूर कांग्रेस के साथ श्रमिक यूनियन, स्वतंत्र बहुजन समाज रेलवे कर्मचारी, मजदूर संघ, मजदूर यूनियन और अखंड रेलवे संगठन भी मैदान में हैं। रेलवे कालोनी से लेकर सार्वजनिक स्थानों तक पोस्टरों की भरमार है। चौक-चौराहों पर संगठनों के दावे और वादों को रंगीन फ्लैक्स में प्रदर्शित किया जा रहा है।

इसके अलावा रेलवे स्टेशन, भिलाई मार्शलिंग यार्ड, इलेक्ट्रिक लोको शेड, कैरिज एंड वैगन रिपेयरिंग शॉप, पीपी यार्ड ओएचई कार्यालय, पायलट एवं गार्ड क्रू लॉबी समेत रेलवे के सभी विभागों में यूनियन नेता अपने लिए कर्मचारियों से वोट की अपील कर रहें है। यूनियन के मान्यता के लिए कुल वोटों का 33 प्रतिशत संगठन को हासिल करना होगा। तभी मान्यता प्राप्त संगठन को सरकार से सीधे बातचीत कर कर्मचारियों की मांगों को उठाने का अधिकार मिलेगा।

### नई पेंशन में कर्मियों को 10 प्रतिशत देना

सभी यूनियन पुरानी पेंशन योजना को वापस लाने का वायदा करते हुए कर्मचारियों से समर्थन मांग रही है। नई पेंशन योजना में कर्मचारियों को 10 प्रतिशत अंशदान देना होता है। सरकार अपनी ओर से 14 प्रतिशत राशि मिलाती है। सेवानिवृत्त होने पर इसी राशि से पेंशन बनती है। जो पुरानी पेंशन की तुलना में कम रहती है। इसी कारण से इसका विरोध हुआ और सभी यूनियन इसे चुनाव में मुद्दा बना रही है।



### 79 मतदान केन्द्र बनाए गए

ग्यारह साल बाद यूनियन मान्यता चुनाव हो रहा है। भिलाई-दुर्ग में आठ स्थानों में मतदान केन्द्र बनाया गया है। कुल 79 मतदान केन्द्र है। छः संगठन अपने मान्यता के चुनाव में मैदान पर डटी हुई है। मजदूर कांग्रेस को कर्मियों के बीच बेहतर रिस्पांस मिल रहा है। कर्मियों का 33 प्रतिशत वोट की तय करेगा संगठन की मान्यता।

**डी विजय कुमार**, मंडल समन्वयक सेंट्रोल रेलवे मजदूर कांग्रेस

## खबर संक्षेप

### सम्मेलन का संचालन करने दो पार्षद अधिकृत

**भिलाई।** नगर पालिक निगम के सभापति केशव बंछोर ने अपनी अनुपस्थिति में सम्मेलन का संचालन करने दो पार्षदों को अधिकृत किया है। अधिकृत पार्षदों में वार्ड 36 के रोहित धनकर और वार्ड 40 की रंजीता बेनुआ है। निगम द्वारा कराए जाने सम्मेलन अथवा समान्य सभा में अपरिहार्य कारणों से सभापति के अनुपस्थित होने पर दोनो पार्षद क्रमशः सभापति के दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### मारपीट का वीडियो किया वायरल, 3 गिरफ्तार



**भिलाई।** अपचारी बालक के साथ मारपीट करने वाले तीन युवक और दो अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 115 (2), 351 (2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि गर्लफ्रेंड से बात करने को लेकर अपचारी बालक ने अपने दोस्त सुभाष चौक कैम्प 1 निवासी गुरप्रीत सिंह, कैम्प 1 डिगेन्द्र साहू, घासीदास नगर जामुल आसिफ शेख और दो अपचारी बालको के साथ मिलकर बेस बल्ले से पिटाई कर दी। घटना में पीड़ित पचारी बालक के सिर पर गंभीर चोट आई है। आरोपियों ने घटना को अंजाम देकर वीडियों को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस में शिकायत के बाद वैशाली नगर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में जुट गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तीनों युवकों और दो अपचारी बालको को गिरफ्तार कर उनके पास से चाकू, हाकी, बेसबाल, दो मोबाइल जब्त किया है।

### छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पाटन।** घर में घुसकर छेड़खानी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। टीआई ने अनिल साहू ने बताया कि घर में घुसकर छेड़खानी करने वाले ग्राम धुमा पाटन निवासी उमेश ठाकुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने घर में अकेली रह रही महिला के साथ छेड़खानी कर रहा था, चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

## ग्राम पंचायत स्तर पर होगा सत्यापन, 2016 से लंबित हैं सैकड़ों आवेदन

# सरकारी मकान का इंतजार खत्म, सत्यापन के बाद 5574 को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास

हरिभूमि न्यूज ▸▸। दुर्ग

हरिभूमि सरोकार

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लंबे समय से आवास की बाटजोह रहे हितग्राहियों के लिए अच्छी खबर है। उन्होंने जल्द ही सरकारी आवास मिलने जा रहा है। शासन स्तर पर वर्ष 2024 में करीब साढ़े पांच हजार नए आवास बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए ऐसे आवेदक जिन्होंने वर्ष 2016 से आवेदन किया था और उन्हें एक भी किस्त जारी नहीं की जा सकी है। ऐसे लोगों को प्राथमिकता के श्रेणी में रखा गया है। लेकिन इसके पहले ऐसे साढ़े पांच हजार हितग्राहियों की वर्तमान की स्थिति का सत्यापन किया जाएगा। जिला पंचायत ने ऐसे हितग्राहियों की जानकारी जुटाना शुरू भी कर दिया है। पुराने आवेदनों को भले ही प्राथमिकता की श्रेणी में रखा गया है, लेकिन इसमें कई आवेदको की मौत हो चुकी है। खाता नंबर बंद हो गया है। आवेदक पलायन कर चुका है या पक्का मकान बना लिया है। ऐसे लोगों की सारी जानकारी जुटाई जाएगी, जो आवास अब तक नहीं बना पाए हैं, उन सभी को आवास उपलब्ध कराया जाएगा। जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत वर्ष 2011 के सर्वे में 28 हजार से अधिक पात्र मिले थे। इसमें करीब 5048 आवेदकों के आवेदन स्वीकृत नहीं हो पाए थे। वर्तमान में राज्य की भाजपा सरकार द्वारा करीब 5574 नए आवास बनाने की स्वीकृति प्रदान की है। इसके चलते जिला पंचायत द्वारा पुराने आवेदनों को प्राथमिकता देने के साथ ही जांच शुरू कर दी गई हैं। अफसरों ने बताया कि, वर्ष 2024 में पुराने 5048 आवेदन को आवास प्लस की श्रेणी में रखा गया हैं।




### पिछले दिनों हुए सर्वे में मिले थे 2350 पात्र हितग्राही

कांग्रेस की सरकार द्वारा भी प्रदेशभर में सर्वे कराया गया था। इस दौरान पीएम आवास को भी सर्वे में विकल्प के तौर पर रखा गया था। इस दौरान सामने आए रिपोर्ट की मानें तो 2350 आवेदक सामने आए थे। इन्हें भी पुराने पांच हजार हितग्राहियों के साथ आवास प्लस की श्रेणी में रखा गया हैं। इस तरह पुराने 5048 और सर्वे में आए आवेदनों को देखे तो टोटल 7381 हितग्राहियो को लाभ देने टारगेट रखा गया था। लेकिन भाजपा की सरकार द्वारा सिर्फ 5574 हितग्राहियो को ही स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

### अब तक हुए सर्वे की जिले में स्थिति

मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2011 में सर्वे कराया गया था। पीएम आवास के लिए कराए गए सर्वे में इस दौरान जिले में 28748 हितग्राही मिले थे, जिनका कच्चा मकान था। इसमें वर्ष 2018-19 तक 23700 को लाभ मिला। लेकिन 5048 वंचित रह गए। इसके बाद वर्ष 2018-19 में एक बार फिर सर्वे कराया गया था। इस दौरान जिले में 12923 हितग्राही मिले। जिन्हें आवास प्लस की श्रेणी में रखा गया हैं। इस तरह दो सर्वे में 17 हजार से अधिक हितग्राही मिले थे। इसमें कांग्रेस सरकार द्वारा कराए गए सर्वे के आंकडे शामिल नही किए गए हैं। इस तरह वर्ष 2024 में 7381 का टारगेट रखा गया है, जिसमें 5514 नए मकान बनेंगे। इसे लेकर जल्द ही सर्वे और सत्यापन का कार्य शुरु किया जाना है।

### 18 लाख आवास की उम्मीद पर फिरा पानी

विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा द्वारा प्रदेशभर में 18 लाख पीएम आवास बनाने का दावा किया गया था। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही थी कि प्रदेश में अगर अठारह लाख आवास की स्वीकृति मिल गई तो जिले में वंचित 17 हजार हितग्राहियों को एक साथ लाभ मिलेगा। लेकिन जहां टारगेट में कमी कर दी गई, वही स्वीकृति भी पूरी नही मिल पाई हैं। यही कारण है कि, कांग्रेस भाजपा के इस चुनावी घोषणा को लेकर मुद्दा बनाने को कोशिश करती हैं। वर्ष 2024 के लिए मिले 7381 टारगेट रखा गया, लेकिन स्वीकृति 5574 मकान मिली है। शासन स्तर पर स्वीकृति जारी कर दी गई है। इसके बाद जिला पंचायत में तीन ब्लाक पाटन, दुर्ग और धमधा जनपद से आवेदनों के संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी है।

## उतई पुलिस की कार्रवाई

# शराबी बेटे ने रुपए नहीं देने पर घर में लगाई आग, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

शराब के लिए मां ने रुपए नहीं देने पर आक्रोश में आकर बेटा ने अपने कमरे को आग लगाने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने बेटे को गिरफ्तार किया है। इस दौरान मां मायके चली गई तो घर पर बेटा घटना के समय अकेला था। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम पतोरा निवासी लक्ष्मी श्रीवास ने 1 नवंबर को पुलिस में शिकायत किया था कि बड़ा बेटा तरूण श्रीवास शराब के नशे में घर पहुंचा और पैसों की डिमांड कर परेशान कर रहा था। जिसे लेकर उसकी मां ने रुपए देने से इंकार कर दिया। तरुण के परेशान करने पर लक्ष्मी अपनी मां के घर अकलोरडीह चली गई। शाम को लक्ष्मी श्रीवास के छोटे बेटा लोकनाथ श्रीवास ने फोन पर सूचना दिया कि भाई तरूण श्रीवास घर को आग लगा दिया है। तब किसी तरह आग को बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन आग नहीं बुझा। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी में घर का कुलर, दीवान, गैस सिलेण्डर , बर्तन, मकान में लगे बास, बल्ली, भदरी जल चूका था। घटना के बाद से आरोपी फरार था पुलिस की खोजबीन के बाद आरोपी तरुण श्रीवास को 1 दिसंबर को मैत्री गार्डन चौक के पास घूमते पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी तरुण ने पुलिस को बताया कि अपने घर पर आग स्वयं ने ही लगाई थी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उतई निरीक्षक विपिन रंगारी समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

- महीने भर पहले पुलिस से की गई थी शिकायत
- घटना के समय आरोपी की मां घर में नहीं थी

## कुशाभाऊ ठाकरे यूनिर्सिटी में नई जिम्मेदारी

# रिकेश बने कार्यपरिषद मेंबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

छत्तीसगढ़ के प्रथम और देश के दूसरे कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ में अधिनियम क्रमांक 24 वर्ष 2004 (संशोधित) अधिनियम 2005 की धारा 22 (1) (तीन) के प्रावधान अनुसार विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह द्वारा नामांकित एवं छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन को दो वर्ष की कालावधि के लिए विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् का सदस्य मनोनीत किया गया है। कुलसचिव सुनील कुमार शर्मा ने इस आशय का आदेश जारी कर दिया है। आपको बता दें कि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ की नींव वर्ष 2004 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने रखी थी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन को विश्वविद्यालय कार्य परिषद् समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है।



- विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया नामांकित

### पीएम आवास के लिए दावा-आपत्ति 16 तक

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस के अंतर्गत निर्मित आवासों के आबंटन की प्रक्रिया एक बार फिर शुरू हो गई है। किराएदारों के रुप में निवासरत परिवारों से एवं वरिष्ठ नागरिकजन, दिव्यांगजन हेतु परियोजना स्थल एनार स्टेट खम्हरिया, वार्ड 01 सूर्याविहार के पीछे खम्हरिया, माईल स्टोन स्कूल के पीछे खम्हरिया, स्वप्निल बिल्डर्स कुरुद, कृष्णा इंजिनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया, आम्रपाली हाऊसिंग बोर्ड अविनाश मेट्रोपॉलिश कोहका, ग्रीनवेली खम्हरिया अंतर्गत निर्मित आवासों के आबंटन के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवास आवंटन के लिए कुल 1018 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसकी सूची निगम कार्यालय में चस्पा की गई है।

# नशीले कफ सिरप के साथ दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

नशीली कफ सीरफ के साथ दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कुम्हारी क्षेत्र के ग्राम जंजगीरी के पास खाली प्लॉट के करीब नशीला कफ सीरफ बेचने की जानकारी मिली। मौके पर पुलिस पहुची और घेराबंदी कर दो युवक दादर रोड शिव मंदिर के पास चरोदा निवासी संदीप सिंह और नूतन चौक गतवा तालाब भिलाई तीन सोहेल खानको पकड़ा गया। युवकों के पास से पुलिस ने रिलेक्स ड्राई कफ फार्मूला सीरफ का बाटल 35 नग, ब्लूरेक्स कफ सीरफ का 11 नग, रिलेक्स कफ सीरफ का बाटल 17 नग जब्त किया है। इसके अलावा एक बाइक भी जब्त किया गया है।



- कुम्हारी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

### गीला-सूखा कचरा साथ में दिया, 600 रुपए जुर्माना

**भिलाई।** स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया जा रहा है। डोर-टू-डोर जाकर सफाई मित्र द्वारा घर से निकलने वाले कचरे को एकत्रित किया जा रहा है। घर-घर जाकर समझाने के बाद भी बहुत से ऐसे परिवार के लोग हैं, जो गीला-सूखा कचरा एक साथ मिलाकर दे रहे हैं। सोमवार को ऐसे लोगों पर कार्रवाई की गई। उनसे 600 रुपए का जुर्माना वसूला गगया। आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर यह अभियान शुरू किया गया है। ऐसे परिवार के सदस्य जो गीला-सूखा कचरा एक में मिलाकर देते हैं। उन सभी से अर्थदंड वसूला जा रहा है। निगम ने 30 लोगों से जुर्माना की वसूली की। निगम की कार्रवाई लगातार जारी है।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री


916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

## जवाहर नगर जोन के सिंधिया नगर और कातुलबोड़ से किया अलग

# हरिनगर में नया फीडर, 1800 उपभोक्ताओं को राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸। दुर्ग

सिंधिया नगर और कातुलबोड़ 11 केवी फीडर को विभक्त कर हरिनगर में तीसरा नया फीडर स्थापित किया गया है। इससे जवाहर नगर बिजली जोन के 1800 बिजली उपभोक्ताओं को ओवर लोडिंग की समस्या से मुक्ति मिलेगी। करीब 21.40 लाख रुपए खर्च कर इस फीडर को तैयार किया गया है। 11 केवी फीडर हरि नगर चार्ज जवाहर नगर के अंतर्गत स्थापित किया गया है। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि 14 किलोमीटर लंबाई के कातुलबोड़ एवं सिंधिया नगर फीडर को विभाजित कर तीसरे नए 11 हरि नगर फीडर को चार्ज किया गया है। इससे स्थापित दोनों फीडरों पर लोड कम होगा। जवाहर नगर जोन के लगभग 1800 उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति प्रदाय की जा सकेगी। 11 केवी के नए फीडर को मुख्य अभियंता एम जामुलकर ने चार्ज किया। जामुलकर ने बताया कि 33/11 के वीएसएएफ विद्युत उपकेंद्र (सबस्टेशन) से निकलने वाले 11 केवी फीडर कातुलबोर्ड एवं सिंधिया नगर पर लोड बहुत अधिक हो रहा था। इसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया।

### 11 केवी लाइन में किया गया विभाजित

अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति प्रदान करने के लिए लगभग सात-सात किलोमीटर 11 केवी लाइन के दोनों फीडरों को विभाजित कर लगभग साढ़े पांच किलोमीटर का एक नया 11 केवी हरि नगर फीडर चार्ज किया गया, जिससे शहर में विद्युत व्यवधान एवं लोड को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि उक्त नये फीडर के चार्ज होने से हरि नगर, कातुलबोर्ड बस्ती, साकेत कॉलोनी, बुधवारी बाजार, राधिका फोनिक्स एवं आसपास के क्षेत्र को गुणवत्तावूर्ण विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी।



### बेहतर हो रही बिजली सप्लाई व्यवस्था

आयोजित कार्यक्रम में जामुलकर ने कहा कि जिले में बिजली सप्लाई व्यवस्था बेहतर हो रही है। लाइन लॉस की समस्या में भी कमी आई है। इसमें लगातार सुधार हो रहे हैं। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता शहर वृत्त तरुण कुमार ठाकुर, कार्यपालन अभियंता संतोष मिश्रा, धर्मेन्द्र कुमार भारती, रवि कुमार दानी, सहायक अभियंता ढालेश्वर साहू, राजेन्द्र गिरी गोस्वामी, अंजू देसाई, चन्द्रकांत साहू, कनिष्ठ अभियंता जसवंत सिंह, गोपाल वर्मा, अनीता ढाले सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पूरे दिन रहे बादल, कल से फिर बढ़ेगी ठंड

**भिलाई।** दुर्ग-भिलाई सहित छत्तीसगढ़ के अन्य हिस्सों में फेंगल का असर सोमवार को कम हो गया। हालांकि पूरे दिन बादल छाए रहे। इसकी वजह से तापमान सामान्य से ज्यादा रहा। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक आगामी 24 घंटे मौसम ऐसा ही रहेगा। यानी 3 दिसंबर को भी हल्के से मध्य स्तर के बादल छाए रहेंगे। 4 दिसंबर से आसमान खुल जाएंगे। इसके बाद पुनः बढ़ेगी। प्रदेश के लगभग सभी हिस्सों में इस बार कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 28.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम पारा 18 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.2 डिग्री ज्यादा रहा। बादल की वजह से लोगों ने घर में गर्मी महसूस की, लेकिन बाहर ठंडी हवा का असर रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में हल्की फुहारें भी पड़ी।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### उप मुख्यमंत्री से विकास के लिए मांगी राशि

**दुर्ग।** महापौर धीरज बाकलीवाल ने उपमुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव से मुलाकात की और उन्हें वर्ष 2024-25 के लिए महापौर व पार्षद निधि की राशि जारी करने का आग्रह किया। श्री बाकलीवाल ने नगरीय निकाय मंत्री श्री साव से अधोसंरचना मद की राशि भी शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया है। महापौर ने कहा कि अधोसंरचना मद की राशि से शहर के सभी वार्डों में विकास का कार्य कराया जाना है। महापौर श्री बाकलीवाल ने बताया कि नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने उनकी मांगों को सहजता और सहृदयता के साथ सुना और विचार करते हुए शीघ्र राशि जारी करने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ एमआईसी प्रभारी संजय कोहले व भोला महोबिया मौजूद रहे।

### निराश्रितों को शाल वितरण



**दुर्ग।** औद्योगिक नगर उत्तर वार्ड क्रमांक 17 के शांति नगर दुर्गा मंच प्रांगण में वार्ड के पार्षद देवनारायण चंद्राकर द्वारा मितानिन सम्मान समारोह एवं निराश्रित पेंशन धारकों में वृद्ध महिला एवं पुरुष निशक्तजन को शाल भेंट कर सम्मान किया गया। वार्ड के सभी 275 पेंशनधारकों का सादे समारोह में साल वितरण किए गए। कार्यक्रम में पार्षद देवनारायण चंद्राकर के साथ पूर्व पार्षद दिलीप साहू, वार्ड 18 भास्कर तिवारी, युवा मोर्चा नेता राहुल तिजिल, मंडल उपाध्यक्ष मन्नू साहू, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री अंजू तिवारी, उपाध्यक्ष सुरुचि उमरे, नम्रता बंसोड़, मितानिन श्रीमती सुनीता साहू, श्रीमती सरोज चौहान, श्रीमती आशा कोहरे आदि उपस्थित थे।

### घर पहुंच हितग्राहियों का बना रहे आयुष्मान कार्ड



**दुर्ग।** नागरिकों की सुविधा के लिए शिविर के माध्यम से छुटे हुये हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। शिविर दुर्ग शहर में प्रतिदिन अलग-अलग वार्डों में लगाया जा रहा है। शहर के जिन नागरिकों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वे शिविर स्थल पर जाकर बनवा सकते हैं। आयुष्मान कार्डधारियों को शासन से इलाज के लिए सुविधा मिल रही है। इसमें सामान्य वर्ग, एपीएल राशनकार्ड धारी को आयुष्मान कार्ड से 50 हजार रुपए तक इलाज व बीपीएल राशन कार्डधारी के परिवारों को 5 लाख तक का इलाज कराने की सुविधा है। आयुष्मान कार्ड बनाने 15 वार्डो के लिए 3 दिवसीय शिविर का आयोजन कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने शहर में छुटे हुए लोगो का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए निगम के संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया है।

# सफाई के नाम पर मनमानी, आधा दर्जन सुपरवाइजर फील्ड से गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के वार्डो में सफाई के नाम पर जमकर लापरवाही बरती जा रही हैं। फील्ड से जहां सुपरवाईजर गायब हैं, वही वार्डो में कचरा नही उठने से वार्डवासी परेशान हैं। सोमवार को आयुक्त ने निरिक्षण के दौरान अलग-अलग वार्ड में करीब आधा दर्जन सुपरवाईजर के गायब रहने पर नाराजगी जताई है और उन्होने उस दिन का पेमेंट कांटने के भी निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि, एक-एक वार्डो में दो से तीन सुपरवाईजर तैनात किए गए है। इसके बाद भी सफाई नही हो रही हैं। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 2 राजीव नगर, वार्ड क्रमांक 4 गया नगर, वार्ड क्रमांक 6 बैगा पारा, वार्ड क्रमांक 10 दूर्गा चौक एवं 11 शंकर नगर के अलावा वार्ड क्रमांक 25 अग्रेसन चौक व दीनदयाल भवन के पीछे गंदगी पाए जाने पर सुपरवाईजर को फटकार लगाई हैं। उन्होने सुपर वाइजर को पूरा साफ-सफाई कर फ़ोटो लेकर व्हाट्सअप करने की बात कही। इसी तरह कमिश्नर ने वार्ड क्रमांक 2 राजीव नगर शौचालय का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था को देखे। उन्होंने शौचालय में सफाई कर्मी की उपस्थित देखी। वार्ड क्रमांक 4 गया नगर मुक्तिघाम में पहुँचकर साफ सफाई की जानकारी लेने पहुँचे। जहां कमिश्नर के मॉर्निंग विजिट के दौरान अपने कर्तव्य से अनुपस्थित पाए जाने पर अलग अलग वार्ड के 3 सुपर वाइजर को नो वर्क नो पेमेंट के तहत वेतन काटने के निर्देश दिए।

## सुपरवाइजर का नो वर्क नो पेमेंट के तहत वेतन काटने के निर्देश

### बैगापारा के सड़क में मिला कचरा

वार्ड 6 बैगा पारा में सफाई का जायजा लेने के दौरान सडक पर कचरा पाया गया। जिसे लेकर वार्डवासियों को सड़क व नालियों में कचरा ना फेके की हिदायत दी गई हैं। कचरा सुबह निगम की गाड़ियों में देने कहा गया हैं। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सुपर वाइजर को सख्त निर्देश दिए कि, सड़क में कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना की कार्रवाही करेंगे।



### शौचालय में मिली गंदगी, नोटिस जारी

कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने वार्ड 11 शंकर नगर मुक्ति धाम का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था के साथ-साथ लकड़ी खटाल का भी निरीक्षण कर जानकारी ली। उन्होंने मुक्तिधाम से लगे शौचालय में गंदगी पाए जाने पर सुपरवाइजर को फटकार और शौचालय समिति को नोटिस जारी करने के लिए निर्देश दिए। वार्ड 10 दुर्गा चौक में शंकर नाला की सफाई के लिए भी विशेष टीम गैंग लगावाकर बेहतर सफाई करवाने निर्देशित किये। कमिश्नर ने कहा कि कोई भी सुपर वाइजर बिना बताए अनुपस्थित रहता है। उस पर सख्त कार्रवाही किए जाने के सख्त निर्देश दिए।

## टेस्ट : सवाल सहित उत्तर का जवाब देने समय रहेगा निर्धारित

# जिले में 111 सरकारी स्कूलों के बच्चे देंगे परख की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

एनसीईआरटी द्वारा कल चार दिसंबर को जिले के 111 स्कूलों में परख परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तीसरे, छठवी और नवमी के बच्चों को दक्षता को परखने के लिए जिलेभर में परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसे लेकर शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई हैं।

जानकारी अनुसार कक्षा तीसरे के 34 स्कूलों में परीक्षा होगी, जिसमें बच्चों को 45 सवाल पूछे जाएंगे। जिसमें भाषा के पन्द्रह अंक, गणित में पन्द्रह अंक और वर्ड एराउंड में पन्द्रह अंक निर्धारित किए गए हैं। इन 45 सवालों का जवाब 90 मिनट के अंदर देना होगा। इसी तरह छठवी के 34 स्कूलों में छात्रों से 51 सवाल पूछे जाएंगे, जिसमें भाषा पन्द्रह अंक, गणित अठाहर अंक, वर्ड एराउंड अठारह अंक के होगें। उन्हें भी नब्बे मिनट में हल करना होगा। इसी तरह नवमी के 43 स्कूलों का चयन किया गया हैं। इसमें भी बच्चों को साठ सवाल पूछेगें, जिसके लिए 120 मिनट दिया जाएगा। इसमें भी तीनों बिन्दु में तीस-तीस अंक निर्धारित हैं।

## जिलेभर में कल आयोजित होगी परख परीक्षा, दिए निर्देश




### कमजोर बच्चों पर रहेगा फोकस

पिछले दिनों परख परीक्षा के पहले बच्चों का माक टेस्ट लिया गया था। इसके रिजल्ट के अनुसार परिणाम को बिनोबा एप के जरिए शिक्षको भेजे गए हैं। इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को पुरस्कृत एवं कमजोर बच्चो को परीक्षा में विशेष फोकस करने निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए पूर्व में 18, 25 और 29 नवंबर को माक टेस्ट लिया गया था। अब तीन दिसंबर को जिले के चयनित स्कूलों में परख परीक्षा आयोजित होगी।

### पोर्टल में खामियों से शिक्षक थे परेशान

विगत दिनों स्कूलो में आयोजित माक टेस्ट के दौरान शिक्षको को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पडा था। परीक्षा के बाद ओएमआर सीट का भी आनलाइन पोर्टल में एंट्री करना था। लेकिन पोर्टल में दिए गए लिंक के कमजोर होने के कारण शिक्षको को देर रात तक माथापच्ची करनी पडी थी। चार दिसंबर को भी ओएमआर सीट की जानकारी पोर्टल में एंट्री करानी होगी।

**तैयारी पूरी**

जिले में परख परीक्षा के लिए शिक्षको को निर्देश दिए गए हैं। सभी स्कूलों में छात्रों की तैयारियां पहले की करा ली गई हैं। कल मुख्य परीक्षा होगी।
**-अरविंद मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

# भू-अर्जन क्षतिपूर्ति राशि नहीं मिली, वार्ड में जला रहे कचरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- भटगांव निवासियों ने पेयजल की बताई समस्या

कलेक्टर जनदर्शन में ग्राम कोलिहापुरी निवासियों ने भारत माला परियोजना अंतर्गत भू-अर्जन क्षतिपूर्ति राशि की मांग की। उन्होंने बताया कि, उन्हें आधी भूमि का ही भू-अर्जन राशि प्रदान किया गया है और आधी भूमि की राशि प्रदान नही की गई है। जिस आधी भूमि की राशि प्रदान नही की गई है, वहां दो मंजिला मकान निर्मित किया है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम भटगांव के निवासियों ने पेयजल की समस्या से निजात दिलाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी टंकी का निर्माण किया गया है, लेकिन ग्रामवासियों को पानी नही मिल पा रहा है। इस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत/लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। वार्ड-5 के वार्डवासियों ने किसी अन्य स्थान पर कचरा डँप करने आवेदन दिया। वार्डवासियों ने बताया कि, कसार मेटल्स की निजी भूमि पर निगम द्वारा वर्षा से कूड़ा कचरा डम्प किया जा रहा है, जिसके कारण यहां रहने वाले आसपास के घरों में कचरा उड़कर अंदर घर में पहुंच जाता है। जब कूड़ा कचरा को जलाया जाता है, तो इसका प्रदूषित धूंआ पूरे वातावारण को दूषित करने के साथ ही घर के अंदर प्रवेश कर जाता है। कचरे के बदबू से गंभीर संक्रमण होने की संभावना बनी रहती है। कचरे के कारण आसपास के क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग आयुक्त को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जनदर्शन के दौरान विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

## बैठक में सदस्यता ग्रहण करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



जिले में छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का संपर्क अभियान के तहत कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दुर्ग सहायक भूमि संरक्षण कार्यालय, श्रम विभाग, पीडब्लूडी कार्यालय में कर्मचारियों के समस्याओं को जानने के लिए बैठक आहूत की गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री विजय लहरे जिला अध्यक्ष भानु प्रताप यादव धर्मेन्द्र देशमुख, शिव प्रसाद धृतलहरे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश महामंत्री द्वारा संगठन को विस्तार करने के साथ सदस्यता अभियान पर जोर देते हुए सभी को संगठन की सदस्यता ग्रहण करने हेतु प्रेरित किया गया। आने वाले समय में जिलास्तरीय बैठक आयोजित करने के लिए कहा गया।

### आठ मिलरों ने कराया पंजीयन, उठाव शुरू नहीं

**दुर्ग।** राज्य शासन और राईस मिलरों के बीच सुलह होने के बाद अब तक जिले में आठ मिलरों ने कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन करा लिया है। हांलाकि अभी उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव शुरू नही हुआ हैं। मार्कफेड द्वारा डीओ जारी करने की प्रक्रिया शुरू नही की गई हैं। खाद्य नियंत्रक श्री अतरी ने बताया कि, पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। उठाव के लिए मार्कफेड द्वारा डीओ जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि, जिले में अब तक 24279 किसानों ने 11 लाख क्विंटल से अधिक का धान बेच दिया है। लेकिन मौसम में तब्दीली के चलते धान के भीगने की आशंका हैं।

### राजेन्द्र पार्क के पास धरना प्रदर्शन आज

**दुर्ग।** बग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे आत्याचार को लेकर हिंदू रक्षा मंच सर्व समाज के द्वारा 3 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से दुर्ग के राजेंद्र पार्क चौक में आक्रोश रैली एवं धरना प्रदर्शन दिया जाएगा। हिंदू रक्षा मंच सर्व समाज इस दौरान अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

# सबसे स्वच्छ एवं सुन्दर : व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालयों को किया जाएगा जिले में पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- स्कूलों में बच्चों को किया जा रहा जागरुक

हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान अंतर्गत 19 नवम्बर से अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसमें ग्रामीणों को उनके घरों में बने स्वयं के शौचालय के उपयोग एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए निरंतर अभियान चलाकर प्रेरित किया जा रहा है।

भारत सरकार द्वारा इस अभियान के तहत स्वच्छ सुन्दर शौचालय प्रतियोगिता कराये जाने का लक्ष्य दिया गया है । जिसमें प्रत्येक ग्राम से 2 सबसे स्वच्छ एवं सुन्दर शौचालय का नामांकन ग्राम पंचायत द्वारा जनपद पंचायत प्रेषित किया जा रहा है । इसके लिये प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों की ऑनलाईन प्रविष्टि एवं शौचालयों की फोटो को भारत सरकार की वेबसाईट पर प्रविष्टि की जा रही है। जिसकी अंतिम तिथि 03 दिसम्बर रखी गई है । जनपद पंचायत द्वारा सभी ग्राम पंचायतों से आये नामांकन में से 03 सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत शौचालयों का नामांकन ऑनलाईन प्रविष्टि के माध्यम से जिला स्तर पर भेजा जायेगा । जिसमें से कुल 5 सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत शौचालयों को पुरस्कार दिया जाएगा । इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों में से प्रति विकासखंड के 02-02 सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक शौचालयों को पुरस्कृत कर नामांकन जिला प्रेषित किया जायेगा। जिलास्तर पर प्राप्त नामांकन में से कुल 03 सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक शौचालयों को 10 दिसम्बर को जिला स्तरीय समापन कार्यक्रम में पुरस्कार प्रदान किया जावेगा । इस अभियान के तहत शालाओं में बच्चों को जागरूक करने के लिये निबंध, पेंटिंग, वाद-विवाद, रंगोली आदि प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर स्वच्छाग्राहियों द्वारा रात्रि चौपाल, मशाल रैली आदि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है । स्वच्छाग्राहियों के स्वास्थ्य जांच करने के लिये स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है । इस अभियान के दौरान ऐसे नवीन पात्र परिवार जो शौचालय निर्माण करना चाहते हैं और पूर्व में किसी भी योजना से लाभन्वित नहीं है, उन्हें इस अभियान अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की जा रही है । कुल 467 परिवारों को प्रशाकीय स्वीकृति जारी की गई है एवं 418 परिवारों की प्रोत्साहन राशि जारी की जा चुकी है ।



## दो माह का वेतन दिलाने रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में डॉ भूमिका वर्मा डीपीएम से मिलकर दुर्ग, भिलाई, चरोदा शहरी क्षेत्र के समन्वयक एवं मितालियन प्रशिक्षक जिनका अक्टूबर व नवंबर का वेतन और अगस्त का राज्यांश प्राप्त नहीं हुआ।

इस मुद्दे को लेकर वीएस राव कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशी कर्मचारी संघ ने रायपुर में प्रमुखता से क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की गई। जिस पर डॉक्टर भूमिका वर्मा ने तत्काल संज्ञान में लेकर राज्य को पत्र जारी करने हेतु आदेश जारी किए और उन्होंने कहा कि, बहुत जल्द सभी लोगों का क्षतिपूर्ति राशि दिलाई जाएगी। इस दौरान कुमारी शमीम बानो चरोदा, टॉमिन साहू भिलाई, सुश्री पुष्पा मिश्रा भिलाई, लक्ष्मी साहू, दुर्गा किरण, भोपा राय दुर्ग आदि उपस्थित रहे।

## शहर के वार्डों में होंगे विकास कार्य, मिली स्वीकृति

# मंत्री ने दी 6 करोड़ 88 लाख की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- वार्डवासियों ने विधायक से की थी मांग

प्रदेश सरकार ने दुर्ग की जनता को फिर एक सौगात दिए है। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओ के विस्तार के लिए नगरीय प्रशासन विभाग से 6 करोड़ 88 लाख की स्वीकृति मिली है। इस राशि से वार्डो में विभिन्न विकास कार्य होगें।

विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही अब छत्तीसगढ़ संवर रहा है, चुनाव में जनता से किये अधिकांश वादों को सिर्फ सालभर में ही साय सरकार ने पूरा कर दिया। दुर्गवासियों के संवार्गीन विकास के लिए मांग के अनुरूप सरकार ने करोड़ो की सौगात देने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, सभी केबिनेट मंत्री का दुर्ग की जनता की ओर आभार जताया हैं। मॉर्निंग विजिट एवं जनसम्पर्क के दौरान शहर की जनता ने मुलभुत समस्याओं को दुरुस्त करने विधायक गजेन्द्र यादव से मांग किये थे। जिसे नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 51 स्थान पर विभिन्न कार्य के 6 करोड़ 88 लाख की स्वीकृति प्रदान किये है।

### इन वार्डो के लिए मिली स्वीकृति

विकास कार्य के लिए मिले स्वीकृति से वार्ड 19 दुर्गा मंच एवं वार्ड 21 भगत सिंह स्कूल के पास सामाजिक धार्मिक आयोजन के लिए 2 स्थान पर डोमशेड बनाने 30 लाख, वार्ड 21 बुधवारी बाजार में पेवरब्लॉक लगाने 19.74 लाख, वार्ड 22 में सामुदायिक भवन बनाने 20 लाख तथा शेष राशि से निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 47 स्थानों सीमेंटिकरण सड़क एवं निस्तारी के लिए नाली-पुलिया निर्माण किया जायेगा।

### विधायक ने गिनाई उपलब्धियां

विधायक ने कहा कि, आज 3 दिसंबर को प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार को सफलतम एक वर्ष पूरे हो गए है। दुर्गवासियों की हर मांग को प्रदेश सरकार पूरी कर रही है। ट्रैफिक से निजात दिलाने सड़क चौड़ीकरण, बड़े सामुदायिक भवन, बैडमिंटन कोर्ट, स्विमिंग पुल, स्टेडियम, आवागमन को बेहतर बनाने 110 स्थान पर सीसी रोड, स्कूलों का संधारण, विधायक निधि मद से सामुदायिक भवन, डोमशेड हेतु 2 करोड़ 34 लाख, प्रभारी मंत्री मद से सामुदायिक भवन, डोमशेड हेतु 80 लाख, साइंस कॉलेज के अधूरे ऑडिटोरियम को पूरा करने पुनरीक्षित बजट की स्वीकृति 8 करोड़ मिले हैं। इस तरह एक वर्ष में कई बड़े विकास कार्य की सौगात मिल चुकी है। इसके आलावा रात्रि में शहर की सड़कों पर्याप्त रौशनी के लिए विधायक गजेन्द्र यादव ने अपनी निधि 40 लाख स्वीकृत कराये है।



## खबर संक्षेप



### आनंद मेला में बच्चों ने जाना व्यापार का तरीका

**भिलाई।** हरि नगर दुर्ग में स्थित ओम साई विद्या भवन आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी आदिम जाति कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन श्यामल दास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अध्यक्षता मिसेस इंडिया कल्चरल इंप्रेस 2024 और ओम साईं एजुकेशनल सोसाइटी की सचिव अनीता सरकार ने किया। भवन में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्टॉल लगाया गया। बच्चों ने पाक कला की विधि और लाभ हानि के बारे में जाना। बच्चों ने भेलपुरी, गुपचुप,समोसा, चाऊमीन, मंचूरियन, सत्तू की पूरी, केक ,मिठाई, इटली ,कचौड़ी आदि के स्टाल भी लगाए थे। इस अवसर पर नृत्य, संगीत, मनोरंजक गेम्स का आयोजन भी किया गया। पालकों और बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शाला में पूर्व में आयोजित स्पोर्ट्स डे के विजेता बच्चों को मेडल, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।संचालन डायरेक्टर प्राचार्य प्रशांत सरकार और प्राचार्या रीना साहू समेत शिक्षिका काजल देवांगन, रूपाली सरकार ,राजेश्वरी हार्डे, राजेश्वरी जांगड़े ,मीता त्रिपाठी ,रितिका मंडल ,युक्ति शर्मा, स्निग्धा राय, अनुराधा चक्रवर्ती, अलका बावनथड़े ,लता यादव, चंद्रेश टंडन मौजूद थे।

### बीएमएस का संपर्क अभियान शुरु



**भिलाई।** भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष पर देशव्यापी श्रमिक संपर्क अभियान के तहत दुर्ग जिले में जिला कार्यालय सुपेला से शुरु हुआ। यूनियन के राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल व प्रदेश महामंत्री दिनेश पांडे ने संपर्क अभियान की शुरुआत सुपेला संडे बाजार में पत्रक वितरण कर प्रंभ किया । अध्यक्षता पदाधिकारी रवि व स्वदेशी जागरण मंच के प्रदेश समन्वयक संजय चौबे भी उपस्थित थे। श्री जायसवाल ने बीएसपी के योगदान की जानकारी दी। श्री पांडे ने भी संबोधित किया। जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी ने बताया कि जिले में 2 लाख श्रमिकों तक संपर्क अभियान करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में स्वायत्त शासी संघ, राज्य कर्मचारी संघ, बिजली कर्मचारी संघ महासंघ, भिलाई इस्पात मजदूर संघ आदि संबद्ध संगठनों के लोग उपस्थित थे।

## निधन

### सतीश बेरी



**भिलाई।** सेक्टर 4 निवासी एवं दिल्ली स्टूडियो के संचालक सतीश बेरी का निधन 2 दिसंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार 3 दिसंबर को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अजय बेरी, ओमप्रकाश बेरी, सेवक बेरी और राजेन्द्र बेरी के पिता थे।

# खतरनाक पदार्थों को हानिरहित किए जाने से होगा प्रदूषण नियंत्रण

## तेल व रसायन उद्योग में खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन पर व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा तेल एवं रसायन उद्योग में खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन पर एक तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि डां. श्वेता चौबे, प्राध्यापक रसायन शास्त्र एवं विभागाध्यक्ष, बेसिक साइंस, शासकीय इंजिनियरिंग महाविद्यालय, रायपुर थी एवं विशेषज्ञ अतिथि वक्ता डां. अजोय मंडल, सीईओ और प्रमुख वैज्ञानिक, एमआईईबीआरएस दिल्ली थे।

डां. चौबे ने कहा कि कहा कि उद्योग क्षेत्र में सर्वाधिक खतरनाक अपशिष्ट केमिकल इंडस्ट्री की उत्पादन प्रक्रिया में उत्पन्न होते हैं। खतरनाक कचरे के प्रकार और उसकी छटाई, उसके भंडारण और निष्पादन के बारे में कहा कि रासायनिक और अन्य प्रक्रियाओं द्वारा खतरनाक और विषैले पदार्थों को कम विषैले पदार्थों या हानि रहित पदार्थों में परिवर्तित करने के बाद ही निष्पादन किया जाना चाहिए।उन्होंने बताया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार खतरनाक पदार्थों के उपचार बाद भंडारण के लिए अभी सिर्फ बीस राज्यों में टी एस डी एफ सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि ऐसी सुविधाओं के पास एक निश्चित अंतराल में भूमिगत जल और मिट्टी की जांच की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके की कहीं भी खतरनाक अपशिष्ट के रिसाव से भूमिगत जल या मिट्टी प्रदूषित तो नहीं हो रही है। डां. मंडल ने अपने प्रस्तुतिकरण में भारत में खतरनाक अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन की स्थिति के बारे में बतलाया। उन्होंने उद्योगों में विभिन्न प्रकार के खतरनाक अपशिष्ट और उनके वर्गीकरण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने रसायन उद्योग में उत्पन्न होने वाले खतरनाक कचड़ों और उनसे जुड़े विभिन्न हादसों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जैविक उपचार विधि द्वारा तेल उद्योग और रसायन उद्योग के खतरनाक कचड़ों और अपशिष्ट के इलाज के बारे में और अपने द्वारा इस क्षेत्र में किये गए कार्यों की जानकारी साझा की। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई शाखा के चेयरमेन पुनीत चौबे ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जागरूकता और ज्ञान साझा करना है। मानसेवी सचिव श्री बसंत साहू ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और सुश्री अस्मिता मुखर्जी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष पीके तिवारी, बीपी यादव, शिखर तिवारी, पूर्व सचिव डॉ नागेंद्र त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य,भिलाई इस्पात संयंत्र, सेल रेफ्रैक्टरी यूनिट भिलाई , बी आई टी, रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज, रसायन उद्योग के प्रतिनिधि, इंजिनियरिंग कॉलेज के छात्र उपस्थित थे।

## जिला भाजपा संगठन के लिए अनुराग सिंह देव पर्यवेक्षक बने

# भाजपा संगठन चुनाव के लिए बढ़ी गहमागहमी, युवा बनेंगे मंडलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भाजपा मे संगठन चुनाव के लिए सियासी कवायद शुरु हो गई है । प्रदेश संगठन द्वारा चुनाव कराने के लिए जिला भाजपा दुर्ग व भिलाई के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इस बार जिला अध्यक्ष के लिए आयु सीमा तय कर दी गए है। इससे युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह और उम्रदराजों में थोड़ी निराशा है।

भाजपा में सदस्यता मुहिम खत्म होने के बाद संगठन चुनाव की प्रक्रिया बूथ गठन से शुरु हो गई है। संगठन चुनाव संपन्न करवाने के लिए प्रदेश संगठन द्वारा सभी जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। भिलाई दुर्ग भाजपा में चुनाव करवाने वरिष्ठ भाजपा नेता व विधायक अनुराग सिंह देव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। संगठन चुनाव एक से 15 दिसंबर तक मंडल फिर जिलाध्यक्ष का चुनाव होना है। मंडल अध्यक्षों का चुनाव तीस नवंबर तक होगा। शीर्ष नेतृत्व द्वारा मंडल अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के लिए कई अर्हताएं निर्धारित कर दी हैं। अब 35 से 45 वर्ष का कार्यकर्ता ही मंडल अध्यक्ष का चुनाव लड़ सकेगा। यानी पार्टी युवाओं को संगठन की कमान देना चाहिए। यह भी जरुरी है कि वह पार्टी में दस साल से सदस्य व दो बार सक्रिय सदस्य हो। वही जिला अध्यक्ष के लिए 45 से 60 साल की उम्र तय की गई है। अन्य पदाधिकारियों के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। जिला भाजपा भिलाई के अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया कि जिला भाजपा भिलाई में 1 लाख 73 हजार सदस्य और दुर्ग जिला में 2 लाख 15 हजार सदस्य बनाए गए हैं। बूथों के गठन की प्रक्रिया शुरु हो गई है। पांच दिसंबर तक सभी बूथों मे समितियां बनाने का लक्ष्य है। मंडल पुनगर्ठन के बाद दुर्ग में 16 और भिलाई में 13 मंडल हो जाएंगे।

## बूथ कमेटियों के गठन बाद मंडल प्रक्रिया में आएगी तेजी

### भिलाई में दस व दुर्ग में 13 मंडल में होंगे चुनाव


जिला भाजपा दुर्ग में 13 और भिलाई के दस मंडलों में चुनाव होना है। भिलाई दुर्ग में मंडल पुनर्गठन के बाद जिला भाजपा दुर्ग में 16 और भिलाई संगठन में 13 मंडल हो जाएंगे। नए मंडलों के बनने से अधिक कार्यताओं को पदाधिकारी बनने का अवसर मिलेगा। जिला अध्यक्ष व मंडल अध्यक्षों के लिए अधिक दावेदार होने पर सासंद विधायक से मंथन कर किसी एक दावेदार पर सहमति बनाए जाने का प्रयास किया जाएगा।



### कार्यकर्ताओं में बढ़ा उत्साह

सदस्यता अभियान तीस नवंबर को समाप्त हो गया है । इसके साथ ही सक्रिय सदस्यता आवेदन प्रपत्र बुक जिला कार्यालय में जमा करने का सिलसिला जारी है। जिला भाजपाध्यक्ष जितेंद्र द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को बुक जिला कार्यालय में अनिवार्य रुप से जमा करने कहा गया है। वहीं बूथ कमेटियों के गठन बाद फार्मेट भी मंडल स्तर पर जमा किए जा रहे हैं। संगठन चुनाव प्रक्रिया में तेजी के साथ ही कार्यकर्ताओं की गहमागहमी बढ़ गई है।

# यूनियन कार्यालय प्रथम पार्टी है, तृतीय पार्टी नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ सीटू ने प्रबंधन से की प्रथम पार्टी की तरह किराये लेने की मांग

सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत कर्मियों का प्रतिनिधित्व करने वाली यूनियनें संयंत्र प्रबंधन के लिए तृतीय पार्टी नहीं बल्कि प्रथम पार्टी हैं। इसीलिए यूनियन कार्यों को संचालित करने के लिए यूनियन द्वारा मांगे जाने पर प्रबंधन द्वारा आबंटित यूनियन कार्यालय प्रथम पार्टी आबंटन में आता है । इसीलिए इन कार्यालय के साथ प्रथम पार्टी के जैसे व्यवहार किया जाना चाहिए। बीएसपी में कार्यरत कई यूनियनों को प्रबंधन द्वारा विभिन्न सेक्टरों में कार्यालय आबंटित किया गया है, उन आबंटित कार्यालयों का प्रबंधन द्वारा यूनियनों से तृतीय पार्टी किराया लिया जाता है जो उचित नहीं है। विभिन्न कार्मिक यूनियनों को आबंटित कार्यालय का प्रथम पार्टी के अनुसार किराया लिया जाना चाहिए इस हेतु उचित कार्यवाही हेतु यह पत्र उच्च प्रबंधन के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

### कई कार्यों में प्रबंधन देता है 1 रुपए किराए पर भवन

सीटू नेताओं ने कहा कि प्रबंधन कई सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यों एवं संस्थाओं को 1 किराए पर भवन एवं जमीन दिए जाने की बात संज्ञान में आती है ऐसे में कर्मियों के लिए आबंटित यूनियन कार्यालय से हजारों रुपए मासिक किराया लेना उचित नहीं है इसीलिए उच्च प्रबंधन को जल्द से जल्द इस विषय पर निर्णय लेकर आबंटित यूनियन कार्यालय को प्रथम पार्टी में शामिल करना चाहिए। प्रथम पार्टी एवं तृतीय पार्टी के किराया एवं अन्य मदों में 5 गुना तक का अंतर है अर्थात थर्ड पार्टी के रूप में प्रबंधन लगभग 5 गुना तक वसूल करता है।

# व्यक्ति को कार्यों से ही याद रखा जाता है: दीपक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ रिसाली निगम के प्रभारी राजस्व अधिकारी हुए सेवानिवृत्त

व्यक्ति के कार्यो से उन्हें याद रखा जाता है। सम्मान हमेशा उनके द्वारा किए गए कार्यो के लिए किया जाता है। उक्त बाते सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर ने रिसाली निगम के प्रभारी राजस्व अधिकारी संजय वर्मा के सेवा निवृत्त होने पर आयोजित समारोह में कही। उन्हें बिदाई देने अधिकारी और कर्मचारी निगम के सभागार में उपस्थित थे। बिदाई समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति केशव बंछोर ने की। उन्होंने कहा कि प्रभारी राजस्व अधिकारी अपने पूरे कार्यकाल में आम लोगों की मदद की है। उन्होंने कभी यह नहीं देखा कि कार्यालय आने वाले किस वर्ग से है। बिदाई समारोह में एमआईसी सनीर साहू, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, मनीष यादव, विलास राव बोरकर, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, एम.पी. देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे।

### सम्मान करने लगी कतारें

राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी संजय वर्मा के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान करने कतार लगी। सबसे पहले रिसाली निगम के राजस्व विभाग से रवि श्रीवास्तव, टिकेन्द्र वर्मा ने शाल, श्रीफल और उपहार देकर सम्मानित किया। इसके बाद सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर ने शाल व समृति चिन्ह के साथ महापुराण गीता भेंट किया। कर्मचारी संगठन के गोपाल सिन्हा, बृजेन्द्र परिहार, अमित चंद्राकर ने शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। समारोह के अंत में निगम की ओर से कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे व एम.पी. देवांगन ने प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया।

# एनजेसीएस की नाकामी से संयंत्र कर्मियों के मुद्दे लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ बीएकेएस ने कहा प्रबंधन से है मिलीभगत

बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने कहा है कि एनजेसीएस यूनियनों की नाकामी से कर्मचारियों को नुकसान हो रहा है। सेल प्रबंधन से मिलीभगत से होने से कई समस्याओं का अब तक निदान नहीं हुआ है। बीएकेएस के कोषाध्यक्ष नवीन सिंह ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि वेज रीविजन समय पर नहीं होने से कर्मचारियो को कई नुकसान उठाना पड़ रहा है । विलंब होने से ब्याज का नुकसान हो रहा है। कई समस्याएं लंबित होने के बाद भी साल में एक या दो एनजेसीएस बैठक ही होती है। फिटमेंट बेनिफिट का लाभ (MGB ) को दुसरे प्रमुख महारत्ना कंपनियो की तर्ज पर 15 प्रतिशत नही करना व पर्क्स प्रतिशत को 35% नही दिला पाए हैं। 39 माह का फिटमेंट एरियर का भुगतान नही होना अधिकारियों के तर्ज पर हाउस पर्क्युजीट मद में 50% आयकर टैक्स का छूट नही मिली और और ग्रेज्युटी को फिक्सड करवाने से प्रत्येक कर्मचारी 5 लाख से लेकर 12 लाख रुपया तक नुकसान हो रहा है। अधिकारियों की पेंशन 2007 में लागू हुई जबकि कर्मियों की पेंशन 2012 में लागू हुई। पेंशन अंशदान में भी भेदभाव हो रहा है। पेंशन अंशदान व छुट्टियों में भी भेदभाव करना ।

### इंक्रीमेंट व स्कालरशिप में नुकसान

पे रिवीजन में विलंब से कर्मियों को दो विशेष इंक्रिमेंट का भुगतान नही होना। नान सैचुअरिटी बेनिफिट आवास ऋण, वाहन ऋण को दूसरी महारत्ना कंपनियो के बराबर नहीं करवा पाए। फेस्टीवल पेडवांश की राशी महीने की डीए बेसिक का बराबर नही किया जाना और बच्वो की स्कॉलरशीप को रिवाइज्ड नही किया जा सका है। लेपटाप व फर्नीचर एंडवांश भी शुरु नहीं हुआ है।

# आरएलसी ने बीएसपी कर्मियों के छुट्टी को लेकर दी डेडलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी प्रबंधन और बीएकेएस के साथ छुट्टियों में असमानता के मुद्दे पर आरएलसी रायपुर के समक्ष बैठक हुई । बैठक में आरएलसी ने बीएसपी कर्मचारियों की छुट्टी को लेकर डेड लाइन देते हुए बीएसपी प्रबंधन से यूनियन साथ दो और बैठक आयोजित करने कहा है।

■ बीएसपी प्रबंधन व बीएकेएस की बैठक

बीएसपी प्रबंधन की तरफ से तुषार राय चौधरी और यूनियन की तरफ से नवीन कुमार,अजय रत्न वासनिक,प्रवीण तथा देवेंद्र प्रताप यादव उपस्थित थे। बीएकेएस के कोषाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि बैठक में पूर्व में 19 नवंबर को बीएकेएस भिलाई व बीएसपी प्रबंधन के बीच हुई बैठक की जानकारी साझा करते हुए प्रबंधन ने आरएलसी रायपुर से, यूनियन के साथ दो और बैठक आयोजित करवाने का प्रस्ताव दिया । इस पर आरएलसी रायपुर ने इस शर्त पर सहमती दिया कि बीएसपी प्रबंधन सभी यूनियन को नोटिस जारी करेगी । यदि बाकी यूनियन इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया नही देती हैं तो आप केवल बीएकेएस टीम के साथ चर्चा कर इस मुद्दे को हल निकाल कर 31 जनवरी से पूर्व आरएलसी को मेल करेगी । उसके बाद आरएलसी त्रिपक्षीय मीटिंग का नई तिथी जारी करेंगे ।

प्रबंधन प्रतिनिधि ने मीटिंग को काफी लंबा समय खिंचने का कोशिश किया, जिसको यूनियन टीम ने विरोध करते हुए समय की प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करने के लिए बाध्य किया। बैठक में स्टैंडिंग आर्डर को संशोधित करने के लिए भी बातचीत हुई। यूनियन चुनाव पर , प्रबंधन का रुख नकारात्मक था, बीएकेएस इसके लिए उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर करने हेतु तैयारी कर रही है ।

### बायोमेट्रिक में 15 ग्रेस पीरियड की मांग

अधिकारियों को दिए जा रहे आधा आकस्मिक अवकाश के तर्ज पर कर्मचारियों को भी सुविधा देने की भी मांग पर सर्कुलर भी बीएकेएस टीम ने आरएलसी को दिया। उन्होने सुधार के लिए प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराया। बॉयोमेट्रिक प्रणाली में सुधार पर 5 मिनट्स का ग्रेस पीरियड 9 दिन के लिए दिया गया है उसको बढ़ा कर पुरे 30 दिन तक पूरे 15 मिनट्स का ग्रेस पीरियड देने का माँग किया गया । वहीं अधिकारी वर्ग तथा कर्मचारी वर्ग के लिए अलग अलग छुट्टी संग्रह का मुद्दे भी उठारा गया । छुट्टियों से सम्बंधित सभी मुद्दे जैसे, सीएल , ईएल आदि में भिन्नता के मुद्दे पर भी आरएलसी ध्यान आकर्षण करवाया गया।

# पंजा कुश्ती में शामिल हुए विधायक चंद्राकर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पंजा कुश्ती का आयोजन सूर्या मॉल में आयोजन किया गया था। इस दौरान कार्यक्रम के मुथ्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। इनके साथ पार्षद अरुण सिंह ,जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, गोपाल बिष्ट मौजूद थे। इस दौरान विधायक ने कहा कि जीवन में खेलो का महत्व होता है।हर किसी को शरीर स्वस्थ्य रखने के लिए खेल में रुची रखना चाहिए। पंजा कुश्ती में युवाओं के साथ साथ अब महिलाएं भी इसमें हिस्सा लेती है। आयोजन भाजयुमो नेता व रणभूमि 1.0 ओपन स्टेट आर्म डब्लू रेसलिंगके फाउंडर रोहित सिंह के नेतृत्व में किया गया था। पंजा कुश्ती में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।इसमें महिला खिलाड़ी भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

## बीएसपी वर्क्स यूनियन ने ईडी से की रेस्टरूम की मांग

# बीएसपी की कैंटीन में मिले हाइजीनिक खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बीएसपी वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने बीएसपी के बीएसपी ईडी वर्क्स राकेश कुमार से सौजन्य भेंट की। उनका स्वागत करते हुए कर्मचारियों व प्लांट की समस्याओं के जल्द निदान की मांग की।यूनियन अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ईडी से प्लांट में कर्मचारियों के लिए गंदगी और अव्यवस्था से भरा हुआ बेकार खाने वाले कैंटिनो की शिकायत की और कैंटिन व्यवस्था में सुधार की मांग की। बताया कि शिफ्ट ड्यूटी में काम करने के कारण अधिकांश कर्मचारी ब्लड प्रेशर और शुगर जैसे बिमारियों से ग्रसित है ऐसे में भी उन्हें कैंटिन में हेल्दी और हायजिनिक तरीके से पका हुआ खाना नहीं मिलता। स्वादिष्ट हायजिनिक खाने की व्यवस्था की मांग की। साथ ही प्लांट में गंदे और टूटे टायलेट से अवगत कराया। बहुत सारे कार्यक्षेत्र में टायलेट भी नहीं है ऐसे जगहों पर महिला कर्मचारियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुरे प्लांट में हर विभाग के अधिकारियों के आफिस बिल्डिंग्स में ही अच्छे टायलेट मिलते है। कर्मचारियों के लिए नियमित साफ सफाई वाले साफ सुथरे टायलेट की मांग की। पदाधिकारियों ने बताया कि प्लांट में धुल, धुआं, तेज आवाज और गर्मी में काम करने के बाद बीएसपी कर्मचारियों को फ्रेश होने के लिए आरामदायक रेस्टरुम की आवश्यकता होती है, लेकिन बीएसपी प्लांट में रेस्टरुम बदहाल स्थिति में है।

### यूनियन को निदान का मिला आश्वासन

प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की सेफ्टी से जुड़े मुद्धों को उठाते हुए प्लांट में सुरक्षित कार्यक्षेत्र निर्मित करने की बात कही। सुरक्षा को ताक पर रख उत्पादन लिए दबाव बनाया जाता है। इसके अलावा ठेका श्रमिकों को भी बिना ट्रेनिंग के काम पर रखा जाता है। प्लांट में अधिकांश ठेका बाहरी ठेकेदार के पास है, जो प्लांट में बाहर से अकुशल और अप्रशिक्षित श्रमिकों से काम करान से दुर्घटनाएं हो रही हैं । ईडी ने आश्वस्त किया कि उनकी प्राथमिकता कर्मचारियों का वेलफेयर कैंटीन टॉयलेट रेस्ट रूम जैसे सुविधाओं को सुव्यवस्थित कर कर्मियों को कार्य स्थल में स्वस्थ माहौल देना ही होगा। प्रतिनिधि मंडल में शिव बहादुर सिंह, दिलेश्वर राव ,अमित बर्मन, प्रदीप सिंह,मनोज डडसेना,विमल कांत पांडे, एस गिरीश, संदीप सिंह,लुमेश कुमार, राजकुमार सिंह,धनंजय गिरी, कृष्णा मूर्ति,सुजीत सोनी,रवींद्र सिंह,अजय तोमरिया,कुंटे लाल साहू आदि शामिल थे।

# रूंगटा पब्लिक स्कूल के छात्र अभय उपमुख्यमंत्री से हुए सम्मानित



**भिलाई।** रूंगटा पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान क्लास पांचवी के छात्र अभय प्रताप सिंह इंटरहाउस एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अभय प्रताप ने अपनी उपलब्धि का श्रेय शक्षिकि लेखा ,रूप, अभिरुचि, चेतना , मार्ट स्निथ , नीति बक्शी , सिंधिया और प्राचार्य दीप्ति , मधुरा , प्राचार्य राजीव, ईशान समेत स्कूल के सभी शिक्षकों का रहा है। छात्र अभय एक यूट्यूबर और मॉडल हैं। कार्यक्रम में अतिथियो में उपमुख्यमंत्री अरुण साव के अलावा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर जोंटी रोड्स, राजेश चौहान, रूंगटा स्कूल के चेयरमैन संजय रूंगटा, साकेत रूंगटा, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन समेत अन्य मौजूद थे



02

डिजिटल साक्षरता अभियान की थीम पर शिविर में दे रहे जानकारी

## लाइव इवेंट

### टेलीस्कोप से जाना खगोलीय विज्ञान हो रहे रिसर्च की भी दी जानकारी



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई विज्ञान और तकनीकी क्षेत्रों में रिसर्च और शिक्षण में उत्कृष्टता के अपने मिशन को आगे बढ़ा रहा है। आईआईटी के भौतिकी विभाग में चल रहे प्रोजेक्ट खगोल विज्ञान के ब्रह्माण्ड में हाइड्रोजन के विखंडन पर केंद्रित है। यह प्रोजेक्ट डॉ. महावीर शर्मा के नेतृत्व में चल रहा है। इसे भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस शोध समूह के आकाश गंगा निर्माण और हाइड्रोजन विखंडन पर शोध परिणाम सामने आए हैं। इसे लेकर आईआईटी के प्रोफेसरों ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें डोंगरगढ़ स्कूल से आए 90 से ज्यादा विद्यार्थियों को ब्रह्मांड के संसार से अवगत कराया गया। टेलीस्कोप की मदद से अंतरिक्ष में होने वाली घटनाओं की जानकारी दी। ब्रह्मांड के अंधकारमय अवस्था से सितारों से भरी चमकदार अवस्था में परिवर्तन को समझाया गया है। पीएम श्री योजना के बारे में जानकारी दी गई। ब्रह्मांडीय विखंडन प्रोजेक्ट के एसोसिएट नचिकेत जोशी और अन्य पीएचडी छात्रों ने स्कूली बच्चों के लिए इंटरएक्टिव और प्रेरणादायक सत्र आयोजित किया। इस सत्र में खगोल भौतिकी और सूर्य उत्सर्जन जैसे उन्नत विषयों पर चर्चा की गई।

- डोंगरगढ़ स्कूल के 90 से ज्यादा स्टूडेंट्स हुए शामिल




#### खगोलीय पिंडों के अवलोकन के लिए टेलीस्कोप का उपयोग

खगोलीय पिंडों का अवलोकन करने के लिए एक टेलीस्कोप सत्र भी आयोजित किया गया, जिसने छात्रों को बेहद रोमांचित किया। उनकी यात्रा का समापन भौतिकी विभाग की प्रयोगशालाओं और टेलीस्कोप पर व्यावहारिक अनुभव के साथ हुआ। छात्रों ने इस कार्यक्रम को बेहद लाभकारी और प्रेरणादायक बताया। डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश के नेतृत्व इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों ने जिज्ञासावश प्रश्न भी किए, जिनका उत्तर देकर समाधान किया गया।

## सिटी इवेंट

### सामाजिक अवधारणा को समझे बिना विकास संभव नहीं : देवांगन



**भिलाई।** नगर देवांगन समाज मंडल भिलाई-3 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह परमेश्वरी भवन भिलाई -3 में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव व दुर्ग ब्लॉक अध्यक्ष धनुष देवांगन, महिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी देवांगन, सचिव फुलवा देवांगन, समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी विनोद देवांगन, गजेंद्र देवांगन, अनिल देवांगन, वीरेंद्र देवांगन, जगदीश देवांगन, संतोष देवांगन, कुलेश्वर देवांगन, संतराम देवांगन, नारायण देवांगन आदि उपस्थित थे। अतिथियों ने समाज को संगठित और अनुशासित बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। समाज के सर्वांगिण विकास की परिकल्पना पर जोर दिया। शपथ ग्रहण के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। घनश्याम देवांगन ने कहा कि समाज की अवधारणा को समझे बगैर समुचित विकास संभव नहीं है। समाज के प्रतिभाओं की खोज कर उनका सम्मान करने, विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित करने, नियमित बैठकें करने तथा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने आदि कार्य से समाज में सक्रियता एवं उत्साह बना रहता है तथा संगठन मजबूत बनता है। उन्होंने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों से समाज हित में रचनात्मक कार्य करने की अपील की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष बृजभूषण देवांगन ने कहा कि वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में उनकी टीम सबको साथ लेकर चलेगी। जिला सचिव धनुष देवांगन ने कहा हमें इकाई स्तर पर समाज को जागरूक कर संगठित करना है। नगर देवांगन समाज मंडल भिलाई-3 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में बृजभूषण देवांगन अध्यक्ष, दिलीप देवांगन कार्यकारी अध्यक्ष, पूर्वेश सचिव, शिव प्रसाद सह-सचिव, मोहनलाल एवं विक्रम उपाध्यक्ष, गौरव देवांगन कोषाध्यक्ष, महेंद्र देवांगन प्रचार सचिव, राजेश भवन प्रभारी तथा अरविंद देवांगन एवं अशोक देवांगन अंकेक्षक चुने गए हैं।

**महिला प्रकोष्ठ में इनकी हुई नियुक्ति, जानिए**

महिला प्रकोष्ठ में भगवती देवांगन अध्यक्ष, चंद्रिका देवांगन कार्य. अध्यक्ष, दीपिका देवांगन सचिव, शशिकला देवांगन सह-सचिव, मधु मालिनी देवांगन कोषाध्यक्ष, आरती देवांगन एवं सुनीता देवांगन उपाध्यक्ष पद पर चुनी गई हैं।

● पॉलीटेक्निक कॉलेज दुर्ग में आईआईटी भिलाई, एनआईटी रायपुर, नागपुर, भोपाल के विशेषज्ञ जुटे

# सड़कों पर बढ़ रहे इलेक्ट्रिक व्हीकल, फिर भी भागीदारी सिर्फ 18 प्रतिशत, इसे बढ़ाने मंथन कर रहे 35 एक्सपर्ट

ट्विनसिटी में इलेक्ट्रिक व्हीकलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। टू व्हीलर हो या फिर थ्री और फोर व्हीलर। इसमें हर तरह की वैराइटी बाजार में उपलब्ध हैं। इन वाहनों के नए-नए मॉडलों को सड़कों पर दौड़ते आसानी से देखा जा सकता है। इसके बाद भी लोगों में इलेक्ट्रिक व्हीकल को लेकर खासी जिज्ञासा बनी हुई है। जैसे ऐसे वाहनों की क्वालिटी, माइलेस, बैटरी, लाइफ और सबसे जरूरी कीमत। वर्तमान में इनकी कीमत अधिक होने, चार्जिंग स्टेशन की कमी, बैटरी की उपलब्धता लोगों को परेशान किए हुए हैं। इन सबको देखते हुए पॉलीटेक्निक कॉलेज दुर्ग में देश के अलग-अलग इंजीनियरिंग कॉलेजों के विशेषज्ञ इस पर मंथन करने जुटे हुए हैं। 7 दिसंबर तक चलने वाली इस कार्यशाला में ईवी के हर अच्छे-बुरे पहलुओं पर विचार करने के साथ उसका समाधान तलाशा जा रहा है। विशेषज्ञों ने बताया कि देश-दुनिया में इलेक्ट्रिक व्हीकल का चलन बढ़ा है, इसके बाद भी पेट्रोल-डीजल की तुलना में इन वाहनों की भागीदारी 2023 की स्थिति में महज 18 प्रतिशत है। 2021 में यह 12 प्रतिशत और 2022 में यह 14 प्रतिशत रही।

**भिलाई।** पॉलीटेक्निक कॉलेज में हो रहे मंथन में विशेषज्ञों ने बताया कि सितंबर में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की बिक्री सालाना आधार पर 25% बढ़ी है। कुल ईवी रजिस्ट्रेशन (सभी सेगमेंट मिलाकर) 1.49 लाख रहें। बीते साल सितंबर में 1.19 लाख ईवी रजिस्टर्ड हुई थी। इस साल में में यह आंकड़ा 1.47 लाख रहा था। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 19% वृद्धि दर्ज की गई। इस दौरान कुल 8.37 लाख ईवी रजिस्टर्ड हुए। बीते साल समान अवधि में 7.02 लाख वाहन रजिस्टर्ड हुए थे। वाहन पोर्टल के मुताबिक मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही में इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल (कारें व एसयूवी) की बिक्री 43,120 यूनिट रही।

बीते साल समान अवधि में 42,550 ई-पैसेंजर व्हीकल बिके थे। पहली तिमाही में बिक्री 8.6% बढ़कर 22,749 यूनिट पहुंच गई थी। दूसरी तिमाही में बिक्री 6% घटकर 20,141 यूनिट रह गई। उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलिटेक्निक दुर्ग में शिक्षक विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत इलेक्ट्रिक व्हीकल पर यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। सोमवार को इसका उद्घाटन हुआ। इमरजिंग ट्रेंडस इन इलेक्ट्रिक व्हीकल्स टेक्नोलॉजी ऑपरचुनिटी एण्ड चैलेन्जेस विषय पर एक सप्ताह का यह कार्यक्रम हो रहा है। इसमें बताया गया कि इलेक्ट्रिक वाहनों की प्रौद्योगिकी में निरंतर प्रगति हो रही है, जिससे ये वाहन अधिक कुशल, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल होते जा रहे हैं। विद्युत वाहन की उपयोगिता व इससे संबंधित चुनौतियों के बारे में इस कार्यक्रम में चर्चा की जा रही है। वर्तमान में विद्युत चलित वाहन के लाभ के अन्तर्गत इसको चलाने की कम लागत व पर्यावरण को दूषित न करना है। लेकिन चुनौतियों के अन्तर्गत वाहन की प्रारंभिक अधिक लागत व बैटरी के मेन्टेनेंस व लागत है।





### इस राष्ट्रीय स्तर की कॉन्फ्रेंस में आईआईटी के भी प्रोफेसर शामिल

इस राष्ट्रीय स्तर के कॉन्फ्रेंस में आईआईटी के भी प्रोफेसर शामिल हो रहे हैं। प्राचार्य पीके पांडेय ने बताया कि प्रमुख रूप से शैलेन्द्र जैन एमएएनआईटी भोपाल, डॉ. आरके नेमा प्रोफेसर एमएएनआईटी भोपाल, डॉ. प्रद्युमन चतुर्वेदी सह प्राध्यापक वीएनआईटी नागपुर, डॉ. ललित साहू सहायक प्राध्यापक एनआईटी रायपुर, डॉ. शशांक कूर्म सहायक प्राध्यापक आईआईटी भिलाई, डॉ. शैलेन्द्र कुमार सहायक प्राध्यापक आईआईटी भिलाई, डॉ. रितेश कुमार केशरी सह प्राध्यापक वीएनआईटी नागपुर, डॉ. युगलकिशोर, मैनेजर (रिसर्च एंड डव्हलपमेंट) जेटवर्क मैन्यूफेक्चरिंग बिजनेस प्राईवेट लिमि. नोयडा प्रमुख रूप से शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से प्रतिभागी शिक्षक न सिर्फ जागरूक होंगे वरन उन्हें इस विषय पर शोध करने के अवसर भी प्राप्त होंगे। 35 प्रतिभागी शिक्षक कार्यशाला में भाग ले रहे हैं। समन्वयक डॉ. साजी टी चाको, डॉ. रचना सिंह द्वारा कार्यशाला का संचालन किया जा रहा है।

### सितंबर में टू व्हीलर ईवी की बिक्री 40% बढ़ी

विशेषज्ञों ने बताया कि सितंबर में इलेक्ट्रिक टू व्हीलर की बिक्री 88 हजार यूनिट रही। सितंबर 2023 में यह 63 हजार यूनिट और अगस्त 2024 में 87 हजार यूनिट थी। यानी सालाना आधार पर 40% की बढ़ोतरी हुई। इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर का रजिस्ट्रेशन सितंबर में 54 हजार यूनिट था। सितंबर 2023 में यह 49 हजार यूनिट और अगस्त 2024 में 52 हजार यूनिट था। यानी सालाना आधार पर 10% की बढ़ोतरी हुई है। इतना ही नहीं पब्लिक चार्जिंग स्टेशनों में बिजली खपत सालाना आधार पर दोगुने से अधिक हो गई है। इस दौरान 17.69 करोड़ यूनिट ऊर्जा की खपत हुई, जो सालाना आधार पर 108% से अधिक है। भारत में 2023-24 में 16.82 लाख ईवी थीं, जो जुलाई 2024 तक 45.75 लाख हो गई हैं। देश में 2030 तक 5 करोड़ ईवी होने का अनुमान है, जिसका बाजार 4 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। इस प्रकार सालदर बढ़ोतरी हो रही है।

# इंटरनेशनल कन्वेंशन में जेएसपी की टीमों ने किया शानदार प्रदर्शन

**भिलाई।** जिंदल स्टील एंड पॉवर के रायगढ़ संयंत्र की क्वालिटी कॉन्सेप्ट टीमों ने इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑफ क्वालिटी कंट्रोल सर्कल्स में शानदार प्रदर्शन किया है। कार्यपालन निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय के मार्गदर्शन में जेएसपी की 5 टीमें इंटरनेशनल कन्वेंशन में हिस्सा लेने के लिए चुनी गई थी। दुनियाभर की 1100 से अधिक टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा में इन सभी 5 टीमों ने अलग-अलग श्रेणियों में आयोजन का सर्वोच्च पुरस्कार गोल्ड हासिल कर बड़ी कामयाबी हासिल की। मैनेजर भिलाई सेक्टर-7 निवासी देवेंद्र नाथ पांडेय ने बताया कि क्वालिटी सर्कल किसी भी संयंत्र में एक तरह के काम करने वाले 5 से 6 कर्मचारियों का एक स्वैच्छिक समूह होता है, जो अपने कार्यक्षेत्र को बेहतर बनाने और नवोन्मेषण की संभावनाएं नियमित रूप से तलाशते रहते हैं। इससे कर्मचारियों के भीतर छिपी सोच और इनोवेशन को बढ़ावा देने में मदद मिलती है। इसी इनोवेटिव सोच को बढ़ावा देने के लिए राज्य, देश और वैश्विक स्तर पर क्वालिटी सर्कल टीमों के बीच विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।




## फूलझरिया समिति ने पॉवर लिफ्टर नशकर टंडन का किया सम्मान



**भिलाई।** फूलझरिया सेवा समिति तोषगांव, बसना सरायपाली द्वारा शालेय संस्कृति एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ के जाने-माने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया था। इसमें क्रिकेटर राजेश चौहान, बॉडी बिल्डर कृष्णा साहू, ओलिम्पिक मुक्केबाज राजेन्द्र प्रसाद, संतोषी मांझी, नीता डुमरे, संदीप खंडेलवाल, अनिल दलाई, दीपेश सिन्हा, वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष सतपथी, हर्षा साहू, ब्रिजेश सतपथी, श्रीमंत झा, अकरम खान सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर दुर्ग से नशकर टंडन का फूलझर समिति के प्रधान वीरेन्द्र सतपथी (पूर्व पुलिस अधिकारी), विधया सतपथी (संचालक फूलझर समिति) एवं बसना की विधायिका चातुरी डिग्रीलाल नंद ने स्मृति चिन्ह, शाल, धोती एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया।

### स्काउट्स एवं गाइड्स दुर्ग द्वारा बीएसपी सेक्टर-4 स्कूल में आयोजन

# मॉकड्रील : आग-बाढ़ के हालात पर काबू पाने के तरीके जाने, घायल को सीपीआर देने की टेक्निक समझी

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स दुर्ग के तत्वावधान में बीएसपी स्कूल सेक्टर-4 में आग और बाढ़ से निपटने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रील में 85 रोवर-रेंजर और 51 स्काउट- गाइड शामिल हुए। पांच दिवसीय जिला स्तरीय रोवर रेंजर यूथ फोरम एवं आपदा प्रबंधन शिविर में सरफ़ स्मार्ट विषय में कैशरीन बैग ने स्मार्ट तरीके से इंटरनेट का उपयोग करने की जानकारी दी। यातायात पुलिस विभाग के बोधन लाल साहू ने यातायात सुरक्षा के बारे में वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग करने और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करने के बारे में जानकारी दी।



### सीपीआर के बारे में दी गई जानकारी

एसडीआरएफ टीम के सहयोग से आग लगने पर अग्निशमन यंत्र का उपयोग, वेस्ट बॉटल से डूबते को बचाने व बेहोश व्यक्ति को सीआरपी करने की तकनीक सिखाई गई। यूथ फोरम शिविर के शिविर संचालक जिला संगठन आयुक्त बालक दास राऊत, आपदा प्रबंधन शिविर की शिविर संचालिका अमिता हरमुख, सहायक शिविर संचालक बीएल साहू, पारस कुमार रात्रे, वीरेन्द्र यद्धु, देवेन्द्र देवाँगन, अविनाश, करुणा राजपूत, नोमिन साहू सहित अन्य इस दौरान मौजूद थे। प्रशिक्षण के दौरान दिल का दौरा पड़ने या कई अन्य किसी आपात स्थिति में सीपीआर देने की विधि और इसके फायदों की जानकारी दी गई। इसके अलावा एसडीआरएफ के माध्यम से एक मॉकड्रील का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से अग्नि हादसा और बाढ़ के हालात निर्मित होने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया।

### प्राकृतिक आपदाओं से निपटने दिए गए टिप्स

इस अवसर पर एक्सपर्ट्स द्वारा बाढ़, भूकंप, आग, सीपीआर, बिजली गिरने सहित आपदा संबंधित जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम स्कूली बच्चों के लिए समय-समय पर एनडीआरएफ एनडीआरएफ द्वारा किए जाने चाहिए, ताकि किसी भी तरह की आपदाओं से बच्चों को सुरक्षित रखा जाए। उन्हें इस संबंध में जानकारी पूर्व मालूम हो। इस एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एनडीआरएफ की टीम सदस्यों से बचाव, चिकित्सा जानकारी एवं महत्वपूर्ण आपातकालीन निशुल्क नंबरों के बारे में जानकारी प्रयोगात्मक रूप से ग्रहण की। कार्यकर्म में मुख्य प्रशिक्षक अशोक देशमुख, आयुक्त जीत यादव, पदेन जिला आयुक्त व डीईओ अरविंद मिश्रा, खेल एवं लिंक अधिकारी तनवीर अकील, संजय बोहरा सहित अन्य मौजूद थे।



## सिटी इवेंट

# हिन्दू समुदाय की रक्षा के लिए हरे कृष्णा मूवमेंट ने किया संकीर्तन



**भिलाई।** हरे कृष्ण मूवमेंट भिलाई-रायपुर द्वारा सेक्टर-6, भिलाई स्थित मंदिर परिसर में बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए एक शांतिपूर्ण संकीर्तन का आयोजन किया। शांतिप्रिय और कानून का पालन करने वाले समुदायों पर ये लक्षित हमले मानवता के सामूहिक विवेक को झकझोर रहे हैं। इन असुरक्षित लोगों की सुरक्षा की मांग के रूप में, इस्कॉन और हरे कृष्ण मूवमेंट ने पूरे विश्व में संकीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया। यह वैश्विक संकीर्तन कार्यक्रम वैश्विक हिंदू समुदाय के दर्द और पीड़ा का शांतिपूर्ण प्रदर्शन है, जो बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ एकजुटता में खड़ा है। संकीर्तन का उद्देश्य बांग्लादेश या वहां के किसी भी धार्मिक समुदाय के खिलाफ नहीं है। केवल इस कार्यक्रम के माध्यम से बांग्लादेश के सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

सेक्टर-6, भिलाई स्थित मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उद्योगपति स्वामीनाथन और राजेश अग्रवाल के साथ ही शास्त्रीय नृत्य गुरु राखी रॉय सहित अनेक अनुयायियों ने संकीर्तन में भाग लेकर भगवान कृष्ण से प्रार्थना की। हरे कृष्ण मूवमेंट भिलाई-रायपुर के अध्यक्ष व्योमपद दास ने कहा कि हमने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की परेशान करने वाली रिपोर्टें देखी हैं। हम इस स्थिति से गहराई से चिंतित हैं और बांग्लादेश सरकार से आग्रह करते हैं कि वे चिन्मय कृष्ण प्रभु, इस्कॉन भक्तों और अन्य सभी पीड़ित अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। हम भारत सरकार से भी अनुरोध करते हैं कि वह हमारे पड़ोसी देशों के साथ मिलकर अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य करें। हमने आज अपने मंदिर में संकीर्तन का आयोजन किया ताकि पीड़ितों के प्रति अपना समर्थन और एकजुटता व्यक्त कर सकें और उनके कल्याण के लिए प्रार्थना कर सकें।




## एजुकेशन इवेंट


# डिजिटल साक्षरता अभियान की थीम पर शिविर में दे रहे जानकारी




**भिलाई।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का आयोजन शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय द्वारा ग्राम पौहा में शुरुआत की गई। शिविर में डिजिटल साक्षरता अभियान की थीम को ध्यान में रखते हुए सभी गतिविधियां संचालित की जायेगी। उद्घाटन दिवस पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा अग्रवाल ने एनएसएस के ध्येय वाक्य मैं नही हम के माध्यम से विद्यार्थियों को एन.एस.एस. का महत्व बताया और निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राम पौहा के सरपंच श्रवण ठाकुर, सचिव प्रतिनिधि के रूप में कुलदीप निर्मलकर और रोशन चन्द्राकर ने अपनी उपस्थिति दी और अपना सहयोग प्रदान करने के लिए आश्वासन भी दिया। एन.एस.एस. के विद्यार्थियों ने ग्राम पौहा के प्राइमरी, आंगनबाड़ी विद्यार्थियों के साथ रंगारंग प्रस्तुती भी दी और शाला के विद्यार्थियों को फलों का महत्व बताते हुए फल वितरित किया गया। महाविद्यालय परिवार से नीता कुम्भारे, रजनीशकांत तिवारी, डॉ नरेशघर दीवान, डॉ आबिद हसन खान, ऐश्वर्य सिंह ठाकुर, मनोज कुमार यादव ने अपनी उपस्थिति देते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया। एनएसएस प्रभारी चेतना सोनी ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और डिजिटल साक्षरता के उदेश्य के अनुसार कार्य को करने के लिए आश्वासित किया। एनएसएस विद्यार्थियों में डामिन, धनेश, भारती, चन्द्रकला, थानेश्वर, समीर सहित अन्य विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। प्राथमिक शाला के प्राचार्य खिलेन्द्र साहू ने अपने शाला स्थल में स्वच्छतापूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया और सहयोग का आश्वासन दिया।

## समाज लाइव

# कूर्मि संझा 21 व 22 को तुलसी में प्रतिनिधि मंडल भी होगा शामिल



**भिलाई।** कूर्मि संझा और प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन तुलसी (तिल्दा-नेवरा) में 21 और 22 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर प्रारंभिक तैयारी पूरी कर ली गई है। भिलाई का प्रतिनिधि मंडल भी आयोजन में शामिल होगा। इसे लेकर सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया। युवा कूर्मि मित्र मंडल भिलाई नगर, छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज तथा मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा -राज के तत्वावधान में यह कार्यक्रम तुलसी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित है। इस संबंध में बैठक मां बंजारी धाम मढ़ी में हुई। इसमें युवा कूर्मि मित्र मंडल के अध्यक्ष दिनेश गौतम, उपाध्यक्ष अजय चंद्राकर, कोषाध्यक्ष-कृतराम मढ़रिया, कूर्मि संझा के संयोजक गोपाल कृष्ण वर्मा, महिला प्रभारी रीना देशमुख, ठाकुर राम वर्मा, दीपक वर्मा, हरिराम वर्मा, मनहरण वर्मा, शिवकुमार वर्मा, तुलसी राम वर्मा, छन्नू वर्मा, नरसिंह वर्मा, राजेन्द्र वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।


---

## ● भिलाई बंगाली समाज का आयोजन, उत्साह के साथ नर्सरी से लेकर 10वीं के बच्चों ने लिया हिस्सा

# 17 सेंटर्स में 900 बच्चों ने ड्राइंग में उकेरे कल्पनाओं के रंग, महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने दिया संदेश

**भिलाई।** बच्चों की कल्पनाओं को पंख देने उद्देश्य से बंगाली समाज द्वारा ड्राइंग कांपीटिशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर 10 वीं तक के करीब 900 बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ हिस्सा लिया। ए, बी, सी और डी चार ग्रुप में आयोजित इस प्रतियोगिता दौरान बच्चों के साथ उनके परिजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। किसी ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार तो किसी ने ड्राइंग के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। मूक बधिर स्कूल के बच्चों ने भी एक से बढ़कर एक चित्र बनाकर सभी को अचंभित कर दिया। विजेताओं को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।









### 22 व 23 जनवरी को पुरस्कृत होंगे विजेता

भिलाई बंगाली समाज (बीबीएस) द्वारा को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग-भिलाई में किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर 10 वीं तक के करीब 900 बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों के साथ उनके परिजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस आयोजन में जजों द्वारा विजेताओं के नामों की भी घोषणा की गई। ग्रुप ए और ग्रुप बी के विजेताओं का सम्मान नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर 22 जनवरी को तथा ग्रुप सी और ग्रुप डी के विजेताओं का सम्मान 23 जनवरी को फूड फेस्टिवल के दिन ओपन एयर थिएटर सिविक सेंटर भिलाई में किया जाएगा।

**चारों ग्रुप में यह रहे विजेता:** प्रतियोगिता में चार ग्रुप में करीब 900 बच्चें शामिल हुए। ग्रुप ए में प्रथम आंशिक मिश्रा नेहरू नगर, द्वितीय हेमांशी मानिकपुरी वैशाली नगर और अंशिका शाह मैत्री नगर तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप बी में प्रथम आरुषि यादव सिंधिया नगर दुर्ग, द्वितीय रैना दे सरकार स्मृति नगर और सियोना सेन वैशाली नगर भिलाई तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप सी में प्रथम तनीशी गुप्ता सिंधिया नगर दुर्ग, द्वितीय हर्षिता मिश्रा नेहरू नगर भिलाई और आकाक्ष शाह हाउसिंग बोर्ड भिलाई तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप डी में प्रथम नव्या जैन वैशाली नगर भिलाई, द्वितीय ए रिशिक सेक्टर 7 भिलाई और महक मस्के सिंधिया नगर दुर्ग तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा इन सभी ग्रुपों में 10-10 सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

### बच्चों में दिखा उत्साह



कक्षा नर्सरी से लेकर 10 वीं के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी ने अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर उतराने का प्रयास किया। किसी ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार तो किसी ने ड्राइंग के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। मूक बधिर स्कूल के बच्चों ने भी एक से बढ़कर एक चित्र बनाकर सभी को अचंभित कर दिया। ड्राइंग कॉम्पिटिशन के लिए दुर्ग - भिलाई में 17 सेंटर बनाए गए थे। इन सेंटरों में सेक्टर 1 मिलन संघ, सेक्टर 4 बीकेपी, सेक्टर 7, हुडको कालीबड़ी, दुर्गा कालीबाड़ी दुर्ग स्मृति नगर कालीबड़ी, वैशाली नगर कालीबड़ी, हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी, सिंधिया नगर कालीबारी दुर्ग, मैत्री नगर, बोरसी, नेहरू नगर कालीबड़ी, प्रगति नगर नबारुन कल्याण समिति, बंग यों समाज चौहान टाउन सहित स्नेह संपदा स्कूल, प्रयास मूक बधिर स्कूल आदि स्थानों में सेंटर बनाए गए थे।

---

## बैठक में निर्णय

# नगर कीर्तन का रूट तय, प्रतिबंधित सायलेंसर के उपयोग व पटाखे नहीं जलाने लिया संकल्प



**भिलाई।** दशम पिता गुरु गोविंद सिंघ साहिब के प्रकाश पर्व को समर्पित नगर कीर्तन की बैठक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा सेक्टर 6 में की गई। प्रकाश पर्व की तैयारी को लेकर हुई बैठक में गुरुद्वारा के प्रधान सरदार तारा सिंह की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ सिख पंचायत और सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान सर्व सहमति से प्रकाश पर्व से एक सप्ताह पहले यानी 29 दिसंबर रविवार को गुरुद्वारा गुरु रामदास न्यू खुर्सीपार से नगर कीर्तन निकाला जाएगा। बैठक में नगर कीर्तन का रूट तय किया गया। जिसमें नगर कीर्तन कनाल रोड से नंदिनी रोड, पावर हाउस ब्रिज से होते हुए सेक्टर एवेन्यू में जाएगा एवं समाप्ति सेक्टर 6 गुरुद्वारा साहिब में होगी। नगर कीर्तन का प्रस्थान सुबह 11 बजे और समाप्ति 6.30 बजे शाम गुरुद्वारा साहिब सेक्टर 6 मे होंगी। इस दौरान पंच प्यारे साहेब, पंज निशान साहेब, पांच कृपाण धारी एवं चौबदार की तैयारी सिख पंचायत द्वारा कैंप 1 गुरुद्वारा प्रधान बलदेव सिंह को दी गई। नगर कीर्तन में झाड़ू की सेवा एवं बुलेट गाड़ी पटाखे वाली प्रतिबंधित रहेगी और पायलट गाड़ी नहीं रहेगी।

### सेवा देने सेक्टर-6 गुरुद्वारा प्रबंधक से कर सकते है संपर्क

संपूर्ण नगर कीर्तन सिख पंचायत की देखरेख में निकलेगा और यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने भी नगर कीर्तन में पूर्ण सहयोग की बात कही। नगर कीर्तन के दौरान गुरुद्वारा में गेट की सेवा के लिए सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सेक्टर 6 गुरुद्वारा प्रबंधक से संपर्क कर सकते है। पालकी साहेब पर शबद कीर्तन के लिए गुरुद्वारों के जत्थों के नाम दिए जाने को भी कहा गया। सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कम से कम 10 मेंबर नगर कीर्तन वाले दिन 10 बजे गुरुद्वारा साहिब पहुंचेंगे। नगर कीर्तन की सभी तैयारियां का जायजा लेने के लिए सभी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की अगली मीटिंग 22 दिसंबर दोपहर 3 बजे से गुरुद्वारा श्री गुरु रामदास न्यू खुर्सीपार में रखी गई है।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक में छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल, वाइस चेयरमैन गुरमीत सिंह गांधी, पलविंदर सिंह रंधावा, महासचिव गुरनाम सिंह, जसबीर सिंह सैनी, सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, हरनेक सिंह, कैंप 1 प्रधान बलदेव सिंह, गुरमेज सिंह सोखी, सतवंत सिंह रंधावा, नेहरू नगर प्रधान हरमिंदर सिंह सैनी, इंद्रजीत सिंह सैनी, हरपाल सिंह कमल, हरपाल सिंह हैप्पी, बेबे नानकी गुरुद्वारा प्रधान कुलवंत सिंह, सुच्चा सिंह दाना, त्रिलोचन सिंह सिद्धू, सुखदेव सिंह लाडी, बलविंदर सिंह, रणजीत सिंह नेहरू नगर पूर्व चेयरमैन स्वर्ण सिंह केम्बो, सुच्चा सिंह, सुच्चा सिंह सैनी, स्वर्ण सिंह कोक, मनजीत सिंह, गुरदेव सिंह, सुखबीर सिंह ब्रोका, अवतार सिंह, सरबजीत सिंह नंदरा और स्त्री सत्संग से कुलवंत कौर, सुखविंदर कौर, मनजीत कौर, बलविंदर कौर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## ट्विनसिटी की कलाकार देंगी प्रस्तुति

# जयपुर में सितार वादक समूह के साथ तबले पर संगत करेंगी भिलाई की पूनम



**भिलाई।** प्रसिद्ध तबला वादक पूनम सर्पे जयपुर में होने जा रही सांस्कृतिक प्रस्तुति में तबले पर संगत के लिए आमंत्रित की गई हैं। आशीष नगर रिसाली निवासी पूनम सर्पे ने बताया कि राजस्थान जयपुर के सीएम हाउस में 8 दिसंबर को आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' नाम से एक वृहद सांस्कृतिक कार्यख्रम में प्रस्तुति होने जा रही है। जिसमें 15 महिला कलाकार सितार सिम्फनी पेश करेंगी। इनके साथ तबले पर पूनम सर्पे संगत करेंगी। पूनम ने बताया कि यह सितार सिम्फनी पं. चंद्रमोहन भट्ट के निर्देशन में प्रस्तुत की जाएगी। जो कि जाने माने ग्रैमी अवार्ड विजेता मोहन वीणा वादक वं. विश्व मोहन भट्ट की भतीजे हैं। पूनम सर्पे अंचल की स्थापित तबला वादक हैं। वे आकाशवाणी की ग्रेडेड कलाकार हैं और उन्हें 2019 में जालंधर पंजाब में हुई हरिवल्लभ राष्ट्रीय संगीत प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक मिल चुका है। वे युवा कलाकारों को दी जाने वाली सीसीआरटी स्कॉलरशिप 2020 से भी सम्मानित हो चुकी हैं। पूनम के भाई रामचंद्र सर्पे अंतरराष्ट्रीय स्तर के तबला वादक हैं।

### प्रयागराज को डिस्पोजल से मुक्त रखने देशभर से 40 लाख थालियां व थैले भेजेंगे



**भिलाई।** प्रयागराज में 12 वर्षों में एक बार होने वाले महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से प्रारंभ होने जा रहा है। इस आयोजन में करोड़ों की संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है। इस महापर्व के दौरान हमेशा ही लाखों टन कचरा निकलता है। इसमें अधिकतर जूठे पत्तल, दोने, डिस्पोजेबल गिलास, बोतलें और चिप्स आदि पैकेट्स जैसी खाद्य सामग्रियों के खाली रैपर होते हैं। ये पर्यावरण को घातक रूप से प्रदूषित करते हैं। इसे लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण विभाग ने एक अनोखा प्रयास शुरू किया है। महाकुंभ को ग्रीन कुंभ का रूप देने के लिए एक महती कार्य योजना तैयार की गई है। इसमे महाकुंभ को पूर्ण रूप से डिस्पोजेबल सामग्री से मुक्त रखने के लिए पूरे देश से प्रयागराज तक 40 लाख थालियां और थैले भेजे जाएंगे। इसे लेकर प्रयागराज भेजे जानी वाली थालियों के पूजन हेतु त्रिताप हारी हनुमान मदिर में एक बैठक आयोजित की गई। आरएसएस पर्यावरण विभाग के भिलाई नगर प्रमुख डॉ. अनुज नारद तथा अर्जुन कर्ता ने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रत्येक परिवार की सहभागिता सुनिश्चित करने सहयोग का निवेदन किया गया। इस अवसर पर स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था के अध्यक्ष राजीव चौबे ने 200 थाली देने का संकल्प एवं पूजन किया। बैठक में सुमन तिवारी, सुरेखा मदनाल, राखी बिस्वास, शारदा तिवारी, लक्ष्मीश्री चटर्जी, रंजना चौबे, आरती अरोरा, ललन तिवारी, संदीप चौधरी, सुनील निमाड़े, संजय कुमार, समित तिवारी, संदीप रामटेके, संजय मदनाल, मनु शर्मा, देवब्रत चौधरी आदि उपस्थित थे।

## गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6 में महिला सम्मेलन

# शांतिकुंज में स्थापित अखण्ड ज्योति के सौ वर्ष पूरे जन्मशताब्दी वर्ष में महिलाओं की रहेगी विशेष भूमिका

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार में स्थापित अखण्ड ज्योति के सौ वर्ष पूरे होने साथ ही गायत्री परिवार की सह-संस्थापिका भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के कार्यक्रमों में महिलाओं की विशेष भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6 भिलाई में उप जोन स्तरीय गायत्री परिवार महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा तथा बालोद जिला गायत्री परिवार से जुड़े सक्रिय व प्रमुख महिला, पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6 भिलाई के व्यवस्थापक वासुदेव शर्मा द्वारा किया गया। गायत्री परिवार द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन को डॉ कुंती साहू, गीता ठक्कर, शारदा गोयल, दुलारी वर्मा, किरण चतुर्वेदी, योगिता वर्मा सहित मंच पर उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं ने संबोधित किया।




### कलश यात्रा का संदेश पहुंचाने महिलाओं की अधिक जिम्मेदारी

अपने उद्बोधन में डॉ कुंती साहू ने कहा कि युग निर्माण योजना अपने ऐतिहासिक पड़ाव पर है। शांतिकुंज से निकल रही ज्योति कलश यात्रा के साथ अखण्ड दीपक के प्राकट्य और माताजी की जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के कार्यक्रमों का शुभारंभ हो चुका है। इस संदेश को हर समाज, हर नर-नारी तक पहुचानें की जिम्मेदारी पुरूषों की अपेक्षा हम महिलाओं की अधिक है। उन्होंने कहा कि अब अपने सांसारिक मोह के बंधन को अब थोड़ा ढीले कर गुरुदेव के युग निर्माण के विराट संकल्प के साथ जुड़े और अपने जीवन लक्ष्य को बड़ा करे, महिलाएं मात्र चूल्हा-चौका तक सिमट कर न रहें। समय न मिलने का बहाना न बनाएं।

### अन्य क्षेत्रों से उपस्थित रहे अनुयायी

महिला सम्मेलन में सरस्वती उमरे, बालोद से कुमारी साहू, नंदिनी-खुंदनी से मीना साहू, गायत्री मंदिर सिरसाकला के परिवाजक तनुजा श्रीवास, शोभा सोनी, सुषमा अंगारे, उर्वशी सिन्हा, नंदनी अहिवारा से राजिम बाई, मधु देवांगन, शारदा गोयल, कुमारी सांता साहू, महिला परिवाजक चन्द्रावली सहित दुर्ग भिलाई, बेमेतरा, बालोद से आये लगभग दो सौ महिला कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में वासुदेव शर्मा, मोहन उमरे, फत्तेलाल वर्मा, अनिल वर्मा, जितेन्द्र प्रसाद साहू, योगेश्वर साहू, दिलीप कुमार, नंदकुमार वर्मा, रामवरूप साहू, वस्त्रकार, प्रज्ञापीठ हुडको के बेलचंदन सहित अन्य कार्यकर्ता विशेष रुप से उपस्थित रहे।



ज्योतिष शास्त्र

## जानिए आपके प्रेम जीवन और वैवाहिक जीवन के लिए कैसा रहेगा मंगलवार का दिन



ज्योतिष शास्त्र में आपकी कुंडली में शुक्र की सकारात्मकता ही आपके प्रेम जीवन का भविष्य तय करती है। प्रेम और वैवाहिक जीवन में जो जातक एक-दूसरे से प्रेम के बंधन में बंधे हुए हैं चंद्र राशि की गणना के आधार पर रोज होने वाली वार्ता के संबंध में भविष्यवाणी की जाती है। यदि किसी भी समय शुक्र आपकी कुंडली में सकारात्मक अवस्था में है, तो आपको रिश्तों में कम संघर्ष और प्रेम में अधिक अवसर दिखाई देंगे। यहां दिया गया दैनिक लव राशिफल (Daily Love Rashifal) चंद्र राशि पर आधारित है। जानें प्रेम जीवन के लिहाज से कैसे गुजरेगा आपका दिन।

मेष : यह दिन मनोरंजन से भरपूर है जहाँ आप खुल कर जीना चाहते हैं। घरेलू कामों में आपका ध्यान अधिक होगा लेकिन इस दौरान अपने पार्टनर को भी याद रखें।

वृष : आज नए लोगों से मिलने के लिए तैयार रहें, हो सकता हैं किपना सोलमेट मिल जाए। दोस्त या प्रेमी के साथ लॉग ड्राइव या घूमने जाने की आपकी लालसा पूरी होगी।

मिथुन : कुछ रोमांटिक मोमेंट भी आपकी प्रतीक्षा में हैं। आप अपने पंखों को खोल कर उड़ना चाहते हैं, तो आगे बढ़ें और अपने सपनों को साकार करें।

कर्क : दिल की बातें दिल ही जाने और जाने न कोई, लेकिन आपके मामले में ऐसा नहीं हैं क्योंकि आप अपने दिल की हर बात अपने साथी से शेयर करते हैं। आप दोनों को केमिस्ट्री एकदम परफेक्ट है और यही कारण है कि लोग आपकी मिसाल देते हैं।

सिंह: आज कुछ लोग आपके जीवन में समस्या पैदा कर सकते है लेकिन अपने प्रियजनों की मदद से सब कुछ सही हो जायेगा। जहाँ तक प्रेम संबंधों की बात है आप रोमांचक और मनोरंजक महसूस करेंगे।

कन्या : कोई जरूरी निर्णय लेने के लिए यह समय उचित है। अगर आप सिंगल हैं तो अभी कुछ समय इंतजार करें। अपने जीवन साथी के सुझावों पर हमेशा ध्यान दें, इससे आपको मंजिल जल्द ही मिल जाएगी।

तुला : आज हर चीज आपको आकर्षित और प्रभावित कर रही है। इस सुनहरे चरण को अपने साथी और परिवार के साथ मनाएं। यात्रा की योजना के रद्द होने से आप दोनों परेशान हो सकते हैं ऐसे में अपने मूड को ठीक करने के लिए आप साथ में भोजन बना या मूवी देख सकते हैं।

वृश्चिक : बिजी कार्यक्रम के कारण आज आपकी रोमांटिक जिंदगी में समस्या आ सकती है। आपको घर और कार्य में संतुलन बनाये रखना होगा। जीवन के बगीचे में अगर प्रेम के फूल चाहिए तो आपको अपनी इस बगिया को अपने प्यार और विश्वास से सींचना चाहिए।

धनु : निजी मामले और परिवार आपके लिए सबसे अधिक आवश्यक हैं। आप और आपके लव के बीच कुछ चीजों को लेकर खट्टी मिट्ठी नोकझोंक हो सकती हैं।

मकर : इस समय लक पूरी तरह से आपके साथ हैं जहाँ आपको काम में सफलता मिलेगी वहीं रिश्तेदार भी आपके सहयोग के लिए तैयार हैं। आपके पार्टनर के लिए तो आपका आकर्षण और करिश्मा ही काफी है।

कुंभ : यह समय इश्क के लिए बेहतरीन नहीं है। प्रेम जीवन में समस्याएं आ सकती हैं। बॉस या अधिकारी आपसे प्रभावित हैं और जल्द ही आपका भाग्य पलटने वाला है। किसी की तरफ आकर्षण महसूस कर रहे हैं तो इजहार करने में देरी न करें अन्यथा पछताना पड़ सकता है।

मीन : आप आज शानदार जीवनशैली की उम्मीद कर रहे हैं जिससे आपको नाम, शोहरत और पैसा सब कुछ मिले। इन सब का प्रभाव आपके व्यक्तित्व पर पड़ेगा। जीवनसाथी के साथ रोमेंटिक डिनर की संभावना है।

## गृह प्रवेश करते समय इन वास्तु नियमों का रखें ध्यान नहीं होगी पैसों की तंगी



जब भी आप किसी नए घर में प्रवेश करते हैं तो वहां के वास्तु का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। जैसा कि सबको ज्ञात है कि घरों में सकरात्मक ऊर्जा का प्रवाह बनाए रखने के लिए घर का वास्तु सही होना बेहद जरूरी है। यदि आप गृह प्रवेश सही ढंग से नहीं करते हैं तो घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। इसके साथ ही हमें आर्थिक समस्या का सामना भी करना पड़ सकता है।

### याद रखें ये नियम

जब आप घर में प्रवेश करें तो सबसे पहले अपना दाहिना पैर घर के अंदर रखें। सभी कमरों में दीपक जलाएं। रसोई का उद्घाटन करने के लिए सबसे पहले नए बर्तन में दूध उबाले और इसका प्रसाद बनाकर घर के सभी लोगों को बांटे। वास्तु के अनुसार अगर आप नए घर में प्रवेश कर रहे हैं, तो रविवार और मंगलवार का दिन न चुनें। इसके साथ ही प्रतिपदा तिथि पर भी गृह प्रवेश नहीं करना चाहिए। वास्तु के अनुसार घर के मुख्य द्वार पर अशोक के पत्तों का तोरण लगाना चाहिए। इसके अलावा घर में भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की मूर्ति गृह प्रवेश के दौरान स्थापित करना चाहिए। वास्तु के अनुसार, मूल, अश्लेषा, ज्येष्ठा और आर्द्रा नक्षत्र ग्रह प्रवेश के लिए शुभ नहीं होता है, ऐसा करने से धन की हानि हो सकती है। इसके अलावा विशाखा नक्षत्र में गृह प्रवेश करने से बड़ी विपत्ति आ सकती है वास्तु शास्त्र के अनुसार, गृह प्रवेश के लिए माघ, फाल्गुन, ज्येष्ठ और वैशाख का महीना सबसे सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस माह में गृह प्रवेश करने से धन और वंश की वृद्धि होती है, मार्गशीर्ष माह में भी गृह प्रवेश किया जा सकता है। वास्तु के अनुसार, कृष्ण और शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि गृह प्रवेश के लिए शुभ मानी जाती है।

स्वाद तो बढ़ता ही है, साथ ही सेहत के लिए भी है काफी फायदेमंद

# सुबह के वक्त कच्चा लहसुन खाने को लेकर कभी न भूलें ये 3 महत्वपूर्ण बातें

*लहसुन को हम भले ही मसाले के तौर पर इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ये किसी आयुर्वेदिक औषधि से कम नहीं है। इसके सेवन का सबसे अच्छा वक्त सुबह का है। लहसुन का इस्तेमाल भारतीय घरों की रसोई में लंबे समय से किया जा रहा है। जो खाने में स्वाद को मजा दोगुना कर देता है। इससे खाने का स्वाद तो बढ़ता ही है साथ ही, साथ ये हमारी सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद माना जाता है।*



### लहसुन में मौजूद न्यूट्रिएंट्स

कच्चे लहसुन में एलिसिन नाम का मैन कंपाउंड पाया जाता है, जो कि एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल, एंटीफंगल और एंटीऑक्सीडेंट प्रॉपर्टीज से भरपूर होता है। साथ ही इसमें विटामिन, न्यूट्रिशनल एलिमेंट्स, विटामिन B1, B6, C, मैगनीज, कैल्शियम, कॉपर, सेलेनियम जैसे सेहतमंद एलिमेंट्स होते हैं, जो हमारी बॉडी को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं और बीमारियों को जड़ से खत्म करने का काम करते हैं।

### कच्चा लहसुन खाने के फायदे


- आचार्य बालकृष्ण के मुताबिक, अगर आप एक दिन में लहसुन की 3 से 5 कलियों का सेवन कर सकते हैं। इसे खाने से अगर आपके शरीर में बदबू आती है तो इसे छीलकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और भिगोकर सुबह इसका खाएं.
- उन्होंने ये भी बताया कि लहसुन को सरसों या ऑलिव ऑयल में अच्छे से पकाकर अगर आप अपने दर्द वाली जगह पर लगाते हैं तो इससे दर्द और सूजन काफी कम हो जाती है।
- अगर आप ज्वॉइंट्स के दर्द से परेशान है, हाई कोलेस्ट्रॉल और हार्ट डिजीज की दिक्कत है तो लहसुन को रात से भिगोकर रोजाना सुबह खाली पेट इसको खाएं और फर्क देखें.

### अन्य फायदे

*इसके अलावा लहसुन के कई और भी फायदे हैं जिन्हें जानना आपके लिए जरूरी है।*

1. फंगल इंफेक्शन में भी लहसुन बेहद मददगार साबित हो सकता है। कई बार पैरों की उंगलियों के बीच में संक्रमण हो जाता है। रोजाना इसे अपनी डाइट में शामिल करने से बीमारियां दूर रहती हैं। साथ ही उस जगह पर कच्चे लहसुन को पीसकर लगाने से भी फायदा हो सकता है।
2. सर्दी, खांसी और सांस संबंधी बीमारी में भी लहसुन एक कारगर औषधि के रूप में काम करती है।
3. लहसुन का खाने में इस्तेमाल करने से ये डाइजेस्टिव सिस्टम को भी मजबूत करता है। इसमें मौजूद कई न्यूट्रिशनल एलिमेंट्स खाने को पचाने में मदद करते हैं।
4. डेली गार्लिक खाने से स्किन हेल्दी और ग्लोइंग बनी रहती है। साथ ही ये बालों के लिए भी काफी फायदेमंद मानी जाती है।
5. रोजाना लहसुन का सेवन करने से कई तरह की बीमारियां दूर होती हैं। इसे खाने का सबसे सही तरीका सुबह खाली पेट माना जाता है।

## ब्लड शुगर की दुश्मन हैं ये हरे दाने, सर्दी के मौसम में पाव भर खाने से ही मिलने लगेगा फायदा



हरी मटर को डेली डाइट में शामिल करके आप न केवल ब्लड शुगर को कंट्रोल कर सकते हैं, बल्कि अपनी सेहत को भी बेहतर बना सकते हैं। खाने-पीने की गलत आदतों और अनियमित जीवनशैली के कारण ब्लड शुगर के मरीजों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है। इसलिए डाइट में ऐसे फूड्स को शामिल करना चाहिए तो ब्लड शुगर को कम करने में मददगार साबित होते हैं।

ठंड के मौसम में बिकने वाले ताजे हरे मटर ऐसा ही एक डायबिटीज फ्रेंडली सब्जी है। हरी मटर एक बेहतरीन सुपर फूड है जो न केवल स्वादिष्ट होती है बल्कि इसमें ऐसे पोषक तत्व होते हैं जो शरीर में ब्लड शुगर के स्तर को संतुलित करने में सहायक होते हैं। साथ ही शरीर को कई बीमारियों से बचाने का भी काम करते हैं।

### ब्लड शुगर रहता है कंट्रोल

मटर में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) होता है, जो ब्लड शुगर को मैनेज करने में मदद करता है। मटर में मौजूद फाइबर और प्रोटीन भी अचना के ब्लड शुगर में होने वाले उतार-चढ़ाव को रोकने में मददगार होते हैं।

### डाइजेशन को बेहतर करता है

हरी मटर में उच्च मात्रा में फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है। इसके साथ ही, फाइबर पेट को देर तक भरा हुआ महसूस कराता है, जिससे भूख में कमी आती है और ओवरईटिंग से बचाव होता है।

### मसल्स बिल्डिंग में मददगार

हरी मटर में प्रोटीन की भी अच्छी मात्रा होती है, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करती है और मांसपेशियों की मरम्मत में मदद करती है। ऐसे में यदि आप जिम जाते हैं तो अपने डाइट में मटर को जरूर शामिल करें।

### वजन घटाने में मदद

हरी मटर का सेवन वजन घटाने में भी मदद करता है। इसमें कम कैलोरी होती है और यह पेट को जल्दी भरने में मदद करता है, जिससे ओवरईटिंग और अनहेल्दी स्नैक्स से बचाव होता है। जिससे वेट कंट्रोल रहता है।

**ऐसे करें मटर का सेवन** : हरी मटर को अपनी डाइट में शामिल करना बेहद आसान है। आप हरी मटर को उबालकर, सूप में डालकर, सलाद के रूप में या सब्जी में मिलाकर खा सकते हैं। इसके अलावा, इसे रोटियों के साथ भी खा सकते हैं। सर्दियों में हरी मटर ताजे रूप में मिलती है, जो सबसे अधिक फायदेमंद होती है।

## नींबू से बालों का झड़ना कैसे रोकें? जानें 3 तरीके जो बढ़ा देते हैं जड़ों की मजबूती




नींबू के इस्तेमाल आप बालों का झड़ना कंट्रोल कर सकते हैं। लेकिन, कैसे आइए जानते हैं सालों से इस्तेमाल किए गए इसके कुछ खास उपाय। अगर आपके बाल तेजी से झड़ रहे हैं तो आपको इसे कंट्रोल करने की जरूरत है और इसके लिए सबसे पहले आपको इसके कारणों के बारे में जानना चाहिए। जैसे कि झड़ते हुए बालों का सबसे बड़ा कारण है बालों में ब्लड सर्कुलेशन की कमी, डैंड्रफ और स्कैल्प इंफेक्शन। इन वजहों से आपके बाल जड़ों से कमजोर होने लगते हैं और फिर झड़ते बालों की समस्या कम होने लगती है। इसके अलावा आप नींबू का कई प्रकार से इस्तेमाल कर सकते हैं।

**सरसों तेल में मिलाकर लगाएं नींबू का रस :** बालों में नींबू लगाने के लिए आपको करना ये है कि सरसों के तेल में नींबू का रस मिला लें। फिर इसे बालों में लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। इससे बालों का ब्लड सर्कुलेशन तेज होता है और फिर डैंड्रफ की समस्या में कमी आती है। इससे बालों का झड़ना कम होता है और बाल हेल्दी रहते हैं। साथ ही इससे बालों की कमजोर जड़ों को मजबूती मिलती है।

**नींबू हेयर पैक :** बालों में आप नींबू हेयर पैक लगा सकते हैं। इसके लिए आपको करना ये है कि नींबू के रस में थोड़ा एलोवेरा जेल या फिर आप अंडा मिला लें। इसे अपने बालों में लगाएं। इससे बालों को पोषण मिलता है और फिर बालों की ग्रोथ तेजी से बढ़ती है। इसके अलावा आप ये कर सकते हैं नींबू के रस में थोड़ा सा आंवले का पानी मिलाएं और इसे अपने बालों में लगाएं। इससे भी बाल जड़ों से मजबूत होते हैं और झड़ते नहीं हैं।

**नींबू कॉस्टर ऑयल :** कॉस्टर ऑयल बालों की ग्रोथ बढ़ाने में मददगार है। तो आपको करना ये है कि नींबू का रस निकाल लें और इसे अरंडी के तेल में मिलाएं और फिर इसे अपने बालों में लगाएं। इससे बालों का ब्लड सर्कुलेशन तेज होता है और बाल जड़ों से मजबूत होते हैं जिससे बाल हेल्दी रहते हैं। तो आप सर्दियों में बालों की समस्या के लिए ये उपाय आजमा सकते हैं। इसके अलावा इन दिनों दिल्ली नोएडा की हवा जहर हो चली है जिसका असर बालों पर भी पड़ रहा है।



## क्या सर्दियों में गर्म पानी से नहाना सेफ है ? बीपी के मरीज न करें ये गलती, आ जाएगा हार्ट अटैक

सर्दियों में गर्म पानी से नहाना शरीर को ताजगी देने के साथ-साथ मानसिक और शारीरिक आराम भी प्रदान करता है। लेकिन यदि आप दिल के मरीज हैं तो इस बात का ध्यान रखें।

सर्दियों में नहाने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल बहुत आरामदायक विकल्प होता है। यह आदत न केवल शारीरिक आराम देती है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम करती है। हालांकि, गर्म पानी से नहाने के फायदे के साथ कुछ नुकसान भी हैं। खासतौर पर दिल के मरीजों के लिए नहाने के पानी का टेंपरेचर सही होना बहुत जरूरी है। ऐसे में सर्दियों के मौसम में स्वस्थ रहने के लिए किस तरह के पानी से नहाना आपके लिए फायदेमंद है यहां आप समझ सकते हैं-

### पानी का सही तापमान

सर्दियों में नहाने के लिए पानी का तापमान न तो बहुत ठंडा होना चाहिए और न ही बहुत गर्म. गुनगुना पानी सबसे बेहतर विकल्प होता है, जो न केवल आरामदायक होता है, बल्कि त्वचा और बीपी पर भी अच्छा असर डालता है। यदि आप गर्म पानी से नहा रहे हैं, साथ ही नहाने के बाद अच्छे से मॉइस्चराइजर लगाना भी जरूरी है, ताकि त्वचा की नमी बनी रहे।



### गर्म पानी से नहाने के फायदे

- गर्म पानी से नहाना शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के तनाव को कम करने में मदद करता है।
- गर्म पानी से नहाने से मांसपेशियों का खिंचाव कम होता है, जिससे शारीरिक आराम मिलता है।
- इसके अलावा, यह शरीर के ब्लड सर्कुलेशन को भी बढ़ाता है, जिससे शरीर के सभी अंगों तक ऑक्सीजन और पोषक तत्व अच्छे से पहुंचते हैं।
- गर्म पानी रोमछिद्र खोलकर गंदगी को बाहर निकालता है, जिससे त्वचा की सफाई होती है।
- गर्म पानी से नहाने से पूरे शरीर की सिकाई हो जाती है जिससे अकड़न और दर्द से राहत मिलता है।

### गर्म पानी से नहाने के नुकसान

- गर्म पानी से त्वचा की नेचुरल नमी खत्म हो जाती है, जिससे त्वचा सूखने लगती है और जलन, खुजली या दरारें पड़ सकती हैं।
- गर्म पानी से नहाने से शरीर का तापमान बढ़ता है, जिससे बीपी बढ़ सकता है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए जानलेवा हो सकता है, जिन्हें पहले से बीपी या हार्ट से जुड़ी समस्याएं हैं।
- अधिक गर्म पानी से नहाने पर कुछ लोगों को चक्कर भी आ सकते हैं, क्योंकि इससे शरीर में कमजोरी और थकावट का एहसास होता है।

कार्नर न्यूज

ठंड में जैकेट पहनने से गर्म का जितना एहसास होता है। धोने में उतने ही पसीने छूट जाते हैं

# स्मार्ट तरीके से कैसे करें जैकेट की सफाई? यहां जान लें आसान तरीका; पूरे सर्दी भर आएगा काम

ठंड में जैकेट पहनने से गर्म का जितना एहसास होता है। इसको धोने में उतने ही पशीने छूट जाते हैं। जैकेट को आसानी और स्मार्ट तरीके से धूलने के लिए इस लेख में टिप्स बताए गए हैं।

देश में अब सर्दी की शुरुआत हो गई है। ठंड आते ही अधिकतर लोगों ने अपने ऊनी के कपड़े और जैकेट्स निकाल लिए हैं। कई लोग तो इसको पहनना भी शुरू कर दिया है। ठंड में जैकेट पहनने से गर्म का जितना एहसास होता है। इसको धोने में उतने ही पसीने छूट जाते हैं। ऐसे में कुछ लोग अपने जैकेट को घर पर ही धूल देते हैं। हालांकि, घर पर जैकेट को धूलने से खराब होने का डर बना रहता है। ऐसे में इस लेख में हम आपको जैकेट को घर पर ही धोने के आसान तरीके के बारे में बताएंगे।



### लेदर की जैकेट को कैसे साफ करें?

अगर आपके पास भी लेदर जैकेट है और आप इसको साफ करने का प्लान बना रहे हैं, तो आप इसको अपने घर पर ही आसानी से साफ कर सकते हैं। सबसे पहले लेदर पर लगे डस्ट और गंदगी को हटाएं। इसके लिए आप एक एक सूखे और मुलायम कपड़े लें और उसको हल्के हाथों से पोछों। अब आप एक साबून को पानी में घोल लें और नरम कपड़े को उसमें गिला कर जैकेट को साफ कर लें। सफाई के बाद जैकेट पर लेदर कंडीशनर लगाना न भूलें।

### सिंथेटिक जैकेट को कैसे साफ करें?

सिंथेटिक जैकेट को आप हल्के डिटर्जेंट और ठंडे पानी में आसानी से साफ कर सकते हैं। आप इसको वाशिंग मशीन में भी धूल सकते हैं। हालांकि, अगर आप इसको मशीन वॉश कर रहे हैं तो तेज स्पिन मोड में क्लीन नहीं करें। यह फट भी सकता है। आप इसको धूप में भी आसानी से सूखा सकते हैं।



### ऊनी जैकेट की सफाई कैसे करें

ऊनी जैकेट की सफाई के लिए आप सबसे पहले ठंडे पानी में हल्का डिटर्जेंट मिलाएं। अब आप इसको हाथ से साफ कर लें। हालांकि, इसको सुखाने के लिए आपको काफी सावधानियां बरतनी होगी। इसके सुखाने के लिए सबसे पहले एक तौलिए को बिछाएं फिर उस पर जैकेट को सूखने के लिए फैला दें। ऊनी जैकेट को धूप में नहीं सूखाना चाहिए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दुनिया का सबसे अमीर चाइल्ड एक्टर जिसके आगे बॉलीवुड के रईस भी हैं चवन्नी



दुनिया के सबसे अमीर इस चाइल्ड एक्टर ने केवल 16 साल की उम्र में 50 करोड़ रुपए की संपत्ति बनाई है। इसने 6 साल की उम्र में अपना एक शो बनाया और उससे ये रातों रात स्टार बन गया। आज बॉलीवुड के ए-लिस्टर्स से भी ज्यादा पैसेवाला है। अब ये अमीर बच्चा, बॉलीवुड का तो नहीं है। इसका ताल्लुक हॉलीवुड से है। जिसने अच्छे-अच्छे एक्टर्स को अमीरी के मामले में पछाड़ दिया है। इसका नाम इयान आर्मिटेज है, जिसे आपने सिटकॉम 'यंग शेल्डन' में अहम भूमिका में देखा है। यह साल 2024 का सबसे अमीर चाइल्ड एक्टर है। सेलिब्रिटीनेटवर्थ डॉट कॉम के अनुसार, 16 साल के इयान की कुल संपत्ति 6 मिलियन डॉलर यानी 50 करोड़ रुपए है। जॉर्जिया में जन्मे इयान आर्मिटेज ने अपनी YouTube वीडियो सीरीज 'इयान लव्स थिएटर' के जरिए पॉप्युलैरिटी हासिल की थी। 2014 में ये सीरीज आई थी और ये भयंकर वायरल हुई थी। इसके बाद वह 'द पेरेज हिल्टन शो' में दिखाई दिए थे और 2017 में वह एक्टिंग की दुनिया में आ गए थे और तीन फिल्में 'द ग्लास कैसल', 'अवर सोल्स एट नाइट', और 'आई एम नॉट हियर' में नजर आए थे। इसके अलावा टीवी शो 'लॉ एंड ऑर्डरः स्पेशल विक्टिम्स यूनिट' और 'बिग लिटिल लाइज' में भी दिखे थे। इयान को 'द बिग बैंग थ्योरी' के स्पिनऑफ 'यंग शेल्डन' में मुख्य भूमिका के लिए साइन किया गया था।

### टॉलीवुड

## पूरी हुई पेल्ली कुथुरु की रस्म, लाल साड़ी में बेहद खूबसूरत लगीं नागा की दुल्हन



नागा चैतन्य और शोभिता की शादी की घड़ी नजदीक आ रही है। दोनों पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ शादी रचाने वाले हैं। कहा जा रहा है कि खूबसूरती जोड़ा 4 दिसंबर को विवाह बंधन में बंधेगा। फिलहाल शादी से पूर्व की रस्में चल रही हैं। हाल ही में शोभिता ने अपनी हल्दी सेरेमनी की तस्वीरें फैंस के साथ साझा की थीं। आज उन्होंने अपनी पेल्ली कुथुरू रस्म की झलकियां दिखाई हैं। शोभिता धुलिपाला ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उनकी पेल्ली कुथुरु रस्म की तस्वीरे हैं। सुर्ख लाल रंग की साड़ी में शोभिता बेहद प्यारी लग रही हैं। पोस्ट के साथ शोभिता ने कैप्शन लिखा है, 'पेल्ली कुथुरू'। शोभिता और नागा की शादी तमिल रीति-रिवाज से होगी। शादी से पूर्व की हर रस्म शोभिता पूरे विधि-विधान से कर रही हैं। आज सोमवार को उन्होंने पेल्ली कुथरू की तस्वीरें साझा की हैं। इसमें होने वाली दुल्हन को घर की महिलाएं आशीर्वाद देती नजर आ रही हैं। लाल साड़ी में शोभिता पारंपरिक अंदाज में तैयार हुई हैं। उन्होंने गोल्ड ज्वैलरी से अपना लुक कंपलीट किया है।

### भोजपुरी

## नई भोजपुरी मूवी 'बड़ी मां-छोटी मां' का ट्रेलर हुआ रिलीज



नई भोजपुरी मूवी 'बड़ी मां-छोटी मां' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में शुभी शर्मा और संजना पांडे ने सौतन का किरदार निभाया है। कहानी बांझ होने, दूसरी शादी करने और बेटे के बंटवारे को लेकर है। कहानी इमोशनल है और सभी के दिलों को छू रही है। एक औरत के लिए मां ना बन पाना किसी दुर्भाग्य से कम नहीं होता। कुछ ऐसा ही हुआ शुभी शर्मा के साथ, जिन्होंने मां नहीं बन पाने पर अपने पति की शादी दूसरी लड़की (संजना पांडे) से करवा दी। वो मां भी बन गई और अपनी कोख यानी अपने बेटे को खुशी-खुशी अपनी सौतन को दे दिया। पर उसकी जिंदगी तब तूफान आ गया, जब उसे पता चला कि वो दूसरे बच्चे को जन्म नहीं दे सकती है। इसके बाद जो हुआ, वो कहानी आपको झकझोर देगी। नई भोजपुरी मूवी 'बड़ी मां-छोटी मां' के 4 मिनट 51 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि संजना पांडे ने तो अपने बेटे को दान कर दिया, लेकिन शुभी शर्मा ने बेटे को बांटने से इनकार कर दिया। उसने मां-बेटे को दूर कर दिया। संजना ये दुख बर्दाश्त नहीं कर पाई और आखिरी में उसने दुनिया को अलविदा कह दिया। इस फिल्म में शुभी शर्मा और संजना पांडे के अलावा राकेश बाबू, आर्यन बाबू, रिंकू भारती, प्रेम दुबे, श्रद्धा नवल, प्रेरणा शर्मा, भूपेंद्र सिंह, गौरव पंडित और आशुतोष राय हैं। फिल्म का निर्देशन अनंजय रघुराज ने किया है। लेखक सत्येंद्र सिंह हैं।

---

रविवार रात करीना कपूर सब्यसाची की डिजाइन की हुई साड़ी में नजर आईं, जिसमें बेबो बेहद बोल्ड और खूबसूरत दिखीं। करीना कपूर खान हमेशा अपने स्टाइल से सभी को हौरान कर देती हैं। इस बार, बेबो चमचमाती सिल्वर साड़ी में नजर आईं और देखने वालों की नजरें उनसे हटी ही नहीं। 1 दिसंबर, 2024 को एक इवेंट के लिए, करीना ने एक सीक्वेंस साड़ी में अपनी एंट्री से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, जिसमें उनका लुक बेहद ही बोल्ड और एलिगेंस दिखा। इस इवेंट के लिए करीना कपूर ने मशहूर डिजाइनर सब्यसाची के कलेक्शन की सीक्वेंस साड़ी पहनी। पूरी साड़ी पर सिल्वर वर्क, एकदम परफेक्ट तरीके से ड्रेप किया हुआ था निचला हिस्सा और ब्लाउज से जुड़ा पल्लू, हमें कहना होगा कि उन्होंने अपनी पसंद की साड़ी को बहुत ही खूबसूरती से स्टाइल किया था।




## वायु प्रदूषण के बीच ऐसे रखें अपनी त्वचा का ध्यान, नहीं पड़ेगी पार्लर जाने की जरूरत

सर्दियों की शुरुआत से ही वायु प्रदूषण ने लोगों की हालत खराब कर रखी है। इसकी वजह से लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। वायु प्रदूषण की वजह से लोगों की फेफड़ों और किडनी पर काफी खराब असर पड़ रहा हैं।

शरीर के आंतरिक अंगों के अलावा अब प्रदूषण का असर त्वचा पर भी देखने को मिल रहा है। प्रदूषण की वजह से लोगों की त्वचा रूखी और बेजान हो जा रही है। ऐसे में इस समय त्वचा का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। यहां हम आपको सही तरह से प्रदूषण में स्किन केयर करना बताने जा रहे हैं, ताकि आप अपनी त्वचा का सही से ध्यान रख पाएं।

### त्वचा की सफाई का रखें ध्यान

दिनभर की धूल और प्रदूषण को हटाने के लिए दिन में कम से कम दो बार प्राकृतिक फेसवाश से चेहरे को धोएं। यह त्वचा को



ताजगी देता है और प्रदूषण के कारण होने वाले नुकसान को कम करता है। ध्यान रखें कि आपका फेसवॉश स्किन टाइप के हिसाब से ही होना चाहिए, वरना ये आपकी परेशानी बढ़ा देगा।

### मॉइश्चराइज रखें

बढ़ते प्रदूषण की वजह से त्वचा पर जलन और सूखापन हो सकता है। ऐसे में इस परेशानी से बचने के लिए आपको एक अच्छे मॉइश्चराइजर का उपयोग का उपयोग करना चाहिए। दिन के साथ-साथ रात में नाइट क्रीम का इस्तेमाल करें, ताकि त्वचा ज्यादा खिली-खिली रहे।

### स्क्रब करें

हफ्ते में कम से कम दो बार अपनी त्वचा को स्क्रब करें। वैसे तो बाजार में आपको कई तरह के स्क्रब मिल जाते हैं, लेकिन चाहें तो घरेलू स्क्रब बनाकर उसका उपयोग करें। स्क्रब से आपकी त्वचा अंदर तक साफ हो जाएगी, जोकि प्रदूषण के समय काफी जरूरी है।

### फेस मास्क का उपयोग

इस परेशानी से बचने के लिए आपको मिट्टी के मास्क, शहद और ऑलिव ऑयल जैसे प्राकृतिक तत्वों से बने फेस मास्क का उपयोग करना है। ये त्वचा को गहरी सफाई और पोषण प्रदान करते हैं।

## वेलवेट पहनकर सर्दियों में बन जाएं हुस्न परी इन मखमली कपड़ों को तुरंत खरीद लाएं




'वेलवेट' जिसे 'मखमल' भी कहते हैं। ये हल्के बुनाई के रोयेंदार रेशमी कपड़ा होता है। पहले के वक्त में लोग इसे सामाजिक, धार्मिक और राजकीय अवसरों पर पहना करते थे. लेकिन आज इस कपड़े को किसी भी ऑकेजन पर पहन सकते हैं। खासतौर पर महिलाओं के लिए वेलवेट कपड़े में बाजार में इतने सारे ऑप्शन हैं कि इनको सेलेक्ट करने में मुश्किलें आ जाती है। इसमें इतनी सुंदर एम्ब्रोइडरी की जाती है कि आप इन्हें शादियों पर भी वियर कर सकती हैं।

**वेलवेट कोट :** महिलाएं इसे वेडिंग में अपनी मैन अट्रैक्शन बना सकती हैं। इसमें रंग बिरंगे कलरों से बहुत खूबसूरत एम्ब्रॉयडरी की जाती है। आप इसे प्लाजो, साड़ी, जींस के साथ पहन कप लुक को शानदार बना सकती है। इसको मुलायम और मोटा कपड़ा गर्म रखने में मदद करेगा।

**वेलवेट वेस्टर्न ड्रेस :** वेलवेट में कई तरह की वेस्टर्न ड्रेस भी मिलती हैं। ये आपको कट, फुल स्लीव्स दोनो में यूनिक डिजाइन में मिलती हैं। अपने फंक्शन के हिसाब से इसे परचेज कर सकती हैं। ये लुक को स्टाइलिश और फैशनेबल बना देगी।

**वेलवेट साड़ी :** कई बार सिर्फ साड़ी के पल्लू में वेलवेट लगा होता है, तो कई बार पूरी की पूरी साड़ी ही वेलवेट की होती है। फुली रेडी होने के बाद जो वेलवेट साड़ी का लुक आता है, वो बेहद शानदार लगता है। ऐसी साड़ियों पर ज्यादातर चौड़े बॉर्डर का वर्क हुआ होता है, जो साड़ी को अच्छे से कवर करता है।

**वेलवेट शॉल :** वेलवेट की शॉल में हेवी एम्ब्रॉयडरी हुई होती है। आप इसे साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं, इसमें सिंपल और हेवी दोनों तरह की शॉल बाजार में मिल जाती है। अगर साड़ी भारी है तो अपने लुक को क्लासी बनाने के लिए सादा और चौड़े बॉर्डर की शॉल पहन कर ऑकेजन को अटेंड कर सकती हैं।

**वेलवेट सूट :** वेलवेट सूट मार्केट में नार्मल, पाकिस्तानी पैटर्न में बेहद एलिगेंट और यूनिक डिजाइन में बहुत रीजनेबल प्राइस में मिल जाएंगे. अगर आप साड़ी या गाउन जैसा हेवी कपड़ा नहीं पहनना चाहती तो आप इसे ट्राई कर सकती हैं।

## खोने लगा है चेहरे का निखार तो इस्तेमाल करें ये छह चीजें, सर्दियों में भी खिल उठेगी त्वचा

सर्दियों में त्वचा का ख्याल रखना जरूरी होता है, क्योंकि ठंड और शुष्क मौसम त्वचा को रुखा और बेजान बना सकता है। इन 6 चीजों का इस्तेमाल करके आप सर्दियों में भी अपनी त्वचा को चमकदार और मुलायम बना सकते हैं।

दिसंबर का महीना शुरू होते ही सर्दी के मौसम ने भी अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह और शाम के वक्त ठंडी हवाएं चलने लगी हैं, जिसकी वजह से न सिर्फ लोगों की तबियत खराब हो रही है, बल्कि साथ ही में उनकी त्वचा भी रूखी और बेजान दिखने लगी है। सर्दियों के मौसम में रूखी और बेजान त्वचा की समस्या हर दूसरे व्यक्ति के सामने आती है। यही वजह है कि लोग सर्दियों की शुरुआत से ही अपनी त्वचा पर खास ध्यान देने लगते हैं।

यदि आप भी चाहते हैं कि सर्दी के मौसम में भी आपका चेहरा हमेशा खिला-खिला रहे तो हम इसमें आपकी मदद करेंगे। हम यहां कुछ ऐसी चीजों के बारे में आपको बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी त्वचा खिल उठेगी। खास बात ये है कि इन चीजों के इस्तेमाल के लिए आपको किसी तरह का खर्चा नहीं करना पड़ेगा।



### गुलाब जल

गुलाब जल हर किसी के घर में आसानी से मिल जाता है। इसके इस्तेमाल से चेहरा फ्रेश रहता है। सर्दियों के मौसम में यदि आप इसका इस्तेमाल करेंगे तो ये त्वचा को हाइड्रेट और नरम रखेगा।

### नारियल का तेल

सर्दियों में नारियल का तेल त्वचा की नमी को बनाए रखने में मदद करता है। रात को सोने से पहले हल्के से नारियल तेल की मसाज करने से त्वचा नरम और मुलायम बनी रहती है। आप हर रोज इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### शहद

शहद एक प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में इसे चेहरे पर 10-15 मिनट के लिए लगाकर धो लें। यह त्वचा को कोमल और चमकदार बनाता है।

## एथनिक के साथ कैरी करना है पोटली बैग तो रखें इन बातों का ध्यान, लुक देखते रह जाएंगे लोग

जब भी कोई महिला एथनिक आउटफिट पहनकर तैयार होती है, तो वो अपने मेकअप से लेकर ज्वेलरी तक का चयन काफी सोच-समझ के करती है। मेकअप और ज्वेलरी के अलावा अब तो मैचिंग के पर्स कैरी करने का भी ट्रेंड है। पर्स और बैग वैसे तो हर आउटफिट के साथ जचते हैं, लेकिन जब बात एथनिक आउटफिट की आती है तो इसके साथ तो हमेशा पोटली ही प्यारी लगती है।

बाजार में आजकल कई तरह के फैब्रिक और वर्क वाली पोटली मिल जाती है। इसका चयन आप अपने आउटफिट के हिसाब से कर सकते हैं। बहुत सी महिलाओं को ये समझ ही नहीं आता कि वो कैसे एथनिक के साथ कैरी पोटली कैरी करें। इसी बारे में हम आपको जानकारी देने जा रहे हैं। इन बातों



को ध्यान में रखकर आप अपने लिए पोटली का चयन कर सकती हैं।

**रंग हो सही :** एथनिक ड्रेस के साथ पोटली बैग का रंग ऐसे चुनें जो आपके पहनावे से मेल खाता हो। अगर आपकी ड्रेस बहुत रंगीन है, तो एक सादा रंग का पोटली बैग अच्छा लगेगा, जबकि सादी ड्रेस के साथ एक रंग-बिरंगा पोटली बैग आकर्षक लगेगा। ध्यान रखें कि ज्यादा चमक-धमक वाला पोटली बैग न सिर्फ आपके लुक को अच्छा बना सकता है, बल्कि ये लुक को बिगाड़ भी सकता है।

**सही फैब्रिक का चयन:** एथनिक के साथ कैरी करने के लिए बाजार में कई तरह के पोटली बैग मिलते हैं। इनके फैब्रिक भी काफी अलग होते हैं। ज्यादातर पोटली बैग सिल्क, जरी, कढ़ाई, मखमल, और जूट में ही बनते हैं। सिल्क और जरी वाले बैग पारंपरिक पहनावे के साथ बेहतरीन दिखते हैं।

**सही हो कढ़ाई :** अगर आपका एथनिक आउटफिट कढ़ाई या अन्य हैवी डिटेलिंग वाला है, तो आपके पोटली बैग पर ज्यादा वर्क नहीं होना चाहिए। इसके विपरीत, अगर आपका पहनावा साधारण है, तो बैग में भरी कढ़ाई या चमकदार बीड्स का प्रयोग करें।

### कार्नर न्यूज

### फेसवॉश के इस्तेमाल से चेहरे की गंदगी की जाती है साफ


## कहीं आप भी तो फेसवॉश इस्तेमाल करते समय नहीं करते ये गलतियां ?

अक्सर आपने त्वचा विशेषज्ञों को ये कहते सुना होगा कि चेहरे को दिन में कम से कम दो बार धोना चाहिए। चेहरा साफ करने के लिए बाजार में तमाम तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स मिलते हैं। इन प्रोडक्ट्स में फेसवॉश सबसे अहम है। फेसवॉश के इस्तेमाल से चेहरे की गंदगी साफ की जाती है। ऐसा माना जाता है कि चेहरे पर साबुन की जगह फेसवॉश ही इस्तेमाल करना चाहिए। पर, क्या आप जानते हैं कि फेसवॉश के इस्तेमाल का भी अलग तरीका होता है। आप इससे साबुन की तरह रगड़-रगड़ कर चेहरा साफ नहीं कर सकते। इसके अलावा भी कई बातें हैं जिनका ध्यान आपको फेसवॉश का इस्तेमाल करते समय करना है। इन बातों का ध्यान रखकर आप अपने चेहरे को फेसवॉश की मदद से दमका सकते हैं।



### गलत फेसवॉश का चुनाव

हर किसी की त्वचा अलग होती है। ऐसे में हमेशा अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार फेसवॉश चुनें। गलत प्रोडक्ट से त्वचा में जलन, सूखापन, या अतिरिक्त तेल की समस्या हो सकती है। ऐसे में खरीदने से पहले अपनी स्किन टाइप का ध्यान रखें।



### बार-बार फेसवॉश इस्तेमाल करना

बहुत से लोग दिन में कई-कई बार फेसवॉश करते हैं। जबकि दिन में दो बार से ज्यादा चेहरा धोने से त्वचा का नेचुरल ऑयल खत्म हो सकता है। बार-बार धोने से त्वचा रूखी हो सकती है।

### बहुत ज्यादा ठंडा या गर्म पानी का इस्तेमाल

फेसवॉश करते समय हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। ज्यादा गर्म पानी त्वचा को रूखा बना सकता है, और ठंडा पानी गंदगी को ठीक से साफ नहीं कर पाता। ऐसे में हमेशा गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें।

### टाइट से रगड़ना

अक्सर लोग चेहरे को टाइट से रगड़ लेते हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। फेसवॉश करते समय चेहरे को हल्के हाथों से मसाज करें। ज्यादा जोर से रगड़ने से त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है।